The sub stations in case of electricity will be the responsibility of the Authority.

The overhead tank and underground water storage tanks will be the responsibility of the Developer. Internal development inside the module for infrastructure shall be responsibility of the Developer as per norms and approval of the Authority.

Shipra Estate Ltd.
Director

23

iii. The developer will have to complete the construction and internal development in accordance with the approved plan and as per Annexure -1 requirements/specification within 7 years from the date of this agreement which shall be essence of the M.O.U. on its part. The Authority will also undertake to complete external development work as per agreed norms. Provided further that the above period may be extended further upto three years maximum at the discretion of the Vice-Chairman of the Authority on the condition that amount equivalent to 2% p.a. of the premium of that undeveloped land shall be payable for the period sought to be extended. It is also agreed that, if the Authority does not complete the external development works as per the agreed time frame then the developer after giving due notice to the Authority can complete such works and the cost as per P.W.D./approved schedule shall be adjusted towards the payment due to the Authority.

iv. The developer shall be solely and exclusively responsible for quality of construction and other facilities to be provided.

v. Any money due to the authority from co-venture shall be recoverable as arrears of land revenue.

vi. The First party reserves the right to intervene in case of quality of construction and development.

vii. Unauthorized construction done by the Second Party will be demolished in accordance with the law in force.

viii. The flats constructed or finished are intended to be used for residential purpose only.

6. <u>EXECUTION OF LEASE DEED PAYMENT OF LEASEHOLD CHARGE:</u>

i. It is agreed that the all developed units etc.which will continue to remain the property of the Authority, shall be leased out/sold out by G.D.A. and lease deed/conveyance deed shall be executed by the Authority only . In case of outright sale the Authority will also charge 10% as one time lease rent on the cost of proportionate land. It is however, made clear that transfer whether by lease or sale of the property shall be made only by the G.D.A. and the developer shall not have any right jointly or in severally to participate in the same or to offer himself as a party to any such transaction.

ii. The allottees of the first party shall pay rates, taxes, charges, fee or assessment of every description in respect of the flat/house whether assessed, charged or imposed by Nagar Nigam or any agency and the developer will not in any way be responsible for the same.

iii. The lease deed /sale deed shall be executed by the G.D.A. in proforma prescribed by it.

7. <u>COST OF STAMP DUTY</u>

i. The cost and expenses of preparation of deed, stamping and registering the leasehold deed to the allottees and its copies and all other incidental expenses shall be paid by the allottees. The allottees shall pay duty on transfer of immovable property levied by the Nagar Nigam or any other duty or charges that may be levied by any other Authority. Similarly the co-venture shall bear the expenses for this Memo of Understanding.

Shipra Estate Ltd.
Director

24

ii. In case of any litigation by the purchaser the responsibility will be that of the developer. This clause should be incorporated in the flat buyer lease deed.

8. MISCELLANEOUS :

i In case of dispute the decision of the Vice-Chairman, G.D.A. shall be final in every matter pertaining to sanction of layout and building plans, construction and all other matter connected with it.

ii All disputes in between the parties arising out of this M.O.U. shall be referred to the Arbitrator to be nominated jointly by the Vice-Chairperson, GDA & Second party. The cost of Arbitrations shall be borne by the Second party.

iii. Ghziabad courts will have exclusively jurisdiction for adjudication of disputes.

iv The Authority reserves the right to all mines, minerals coals, washing goods, earth oils, quarries in or under the plot and full right and power at any time to do all acts and things which may be necessary or expedient for the purpose of searching, for working and obtaining, removing and enjoin the same without providing or leaving any vertical support for the surface for the plot(s) or for the structure time being standing thereon provided always that the Authotiry shall make reasonable compensation to the Purchaser/Developer for all damages directly occasioned by exercise of such rights. To decide the amount of reasonable compensation the decision of Authority will be final and unquestionable.

v In case of any litigation pertaining to the acquisition, maintenance, or the rights of the any individual or individual allottee, the GDA will not be liable and therefore shall not be arraigned as a party. In other words any cause of action emanating from any transaction between an individual/or group of individuals and the developer in the said land will lie in the area of responsibility of the developer. GDA will not be liable for any relief by any individual/or group of individuals pertaining to this property.

vi. It is agreed that if it is discovered at any stage that the Co-Venture (developer) has obtained M.O.U. by suppression of any fact or by mis-representation or fraud or if there is any breach of conditions of the M.O.U. then the M.O.U. shall be terminated and the co-venture shall not be entitled for any compensation.

9. COMPLETION OF THE PROJECT

i. After completion of the project the Developer will inform the Development Authority along with a certificate issued by the Architect appointed in clause 2(iv) above to check the quality of work.

ii. The developer shall provide for suitable arrangement of maintenance of services, either himself or through an association or society of the residents or through any other instrumentality with the consent of the Authority.

Shipra Estate Ltd.

Director

10. MAINTENANCE

Till the handing over the property/services to the agency designated to maintain, satisfactory maintenance shall be carried out by the Developer.

11. CANCELLATION/SURRENDER :

If this M.O.U. is terminated because of breach of any conditions or is surrendered by the M.O.U. the following consequences shall ensure.

i. If the developer is not a defaulter, the deposited amount will be refunded without interest after deducting 1% of the total bid amount.

ii. If the developer is defaulter, interest @ 18% on the defaulting amount shall also be deducted.

Signed at Ghaziabad

Date 8.1.2001

First Party

In the witness of ;

1. SANJAY GARG
S/o Shri J.C. Agarwal
R/o A-85 Patel Nagar II
Ghaziabad

Second Party Shipra Estate Ltd.
Direct

2. Suraj Bal
S/o S.C. Ram Lal
F-46 Patel Nagar
Ghaziabad

26

संख्या– 614211 /8–3–2006–66विविध / 2006

प्रेषक,

**के.एल.मीना,**
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

**सचिव,**
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण,
गाजियाबाद।

**आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 लखनऊः दिनांक** २५ **नवम्बर, 2006**

**विषयः** इन्दिरापुरम् योजना में ज्वाइंट वेन्चर के अन्तर्गत मोड्यूल–1 ( भूखण्ड संख्या–10 व 17) में क्रय योग्य एफ.ए.आर के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बंध में आपके पत्र संख्या–514 / नि. / 2006 दिनांक 10.11.2006 के सुदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विकासकर्ता द्वारा शासनादेश दिनांक 9.3.99 के तहत 33 प्रतिशत अतिरिक्त क्रय योग्य एफ.ए.आर. अनुमन्य किये जाने के सम्बंध में सम्यक विचारोपरान्त निर्णय लिया गया है कि अधिसूचना दिनांक 9.3.99 में निहित व्यवस्थानुसार क्रय योग्य एफ.ए.आर. अनुमन्य किए जाने के सम्बंध में प्रश्नगत भूखण्डों का बेसिक एफ.ए. आर. निर्धारित करते हुए स्थल विशेष की यातायात सघनता, पहुँच मार्ग, अवस्थापना सुविधाओं की स्थिति तथा संरक्षित स्मारक / हेरिटेज क्षेत्र से दूरी आदि के परिप्रेक्ष्य में स्थलीय परीक्षणोपरान्त प्राधिकरण बोर्ड बैठक में रखकर नियमानुसार तत्काल निर्णय लेने का कष्ट करें।

भवदीय,

24.11.06
( के.एल.मीना )
सचिव।

CATP

Shukla-G.O.-06-2(193)

27

प्र0सं0 5

विषयः उत्तर प्रदेश में हाईटेक टाउनशिप के विकास हेतु हाईटेक टाउनशिप नीति–2003 के अन्तर्गत मैसर्स उत्तम स्टील्स एण्ड एसोसिएटस (कनसोर्शियम) के साथ एम0ओ0यू0 निष्पादित किये जाने के सम्बन्ध में।

उत्तर प्रदेश में 'हाई–टेक' टाउनशिप विकसित करने के लिए शासनादेश संख्या : 6087/9–आ–2–2003–34 विविध/03, दिनांक 22.11.2003 के अधीन घोषित नीति के क्रम में आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या 6913/आठ–1–06–51 रिट/06, दिनांक 28 नवम्बर, 2006 के अनुपालन में उच्च स्तरीय समिति द्वारा विचारोपरान्त दादरी, जनपद गौतमबुद्ध नगर में हाई–टेक टाउनशिप के विकास हेतु मैसर्स उत्तम स्टील्स एण्ड एसोसिएट्स (कनसोर्शियम) को चयनित किया गया है। उपरोक्तानुक्रम में मैसर्स उत्तम स्टील एण्ड एसोसिएट्स (कनसोर्शियम) के एम0ओ0यू0 के निष्पादन हेतु शासन द्वारा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को 'कम्पीटेन्ट अथॉरिटी' नामित किया गया है। जिसके क्रम में मै0 उत्तम स्टील एण्ड एसोसिएट्स (कन्सॉर्शियम) द्वारा एक हस्ताक्षरित एम0ओ0यू0 भेजा गया है, जिसका निष्पादन गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाना है।

उक्त फर्म द्वारा चयनित स्थल के सम्बन्ध में शासनादेश सं0 6913 दि0 28.11.06 के क्रम में यह अनुबन्ध गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा निष्पादित किया जाना है। चूंकि सन्दर्भित क्षेत्र गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की विकास क्षेत्र की सीमा से बाहर पड़ता है। अतः एन0सी0आर0 प्लानिंग बोर्ड, नई दिल्ली से भी अनापत्ति प्राप्त करनी होगी।

अतः प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष उपरोक्त शासन द्वारा चयनित हाईटेक सिटी के विकास हेतु मैसर्स उत्तम स्टील एण्ड एसोसिएटस (कनसोर्शियम) के साथ गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा एम0ओ0यू0 निष्पादित कराये जाने का प्रस्ताव बोर्ड के विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

संख्या : 6913/आठ–1–06–51रिट/06

28

प्रेषक,

डी. सी. लाखा
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. उपाध्यक्ष,
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
गाजियाबाद।
2. जिलाधिकारी,
गौतमबुद्ध नगर,
उत्तर प्रदेश।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 लखनऊ : दिनॉक : 28 नवम्बर, 2006

विषय :– उत्तर प्रदेश में हाई–टेक टाउनशिप के विकास हेतु निजी पूँजी निवेश के प्रोत्साहन के लिए हाई–टेक टाउनशिप नीति–2003 के अंतर्गत मै. उत्तम स्टील्स एण्ड एसोसिएट्स (कन्सार्शियम) का चयन।

महोदय,

उत्तर प्रदेश में हाई–टेक टाउनशिप के विकास हेतु शासनादेश दिनॉक 22.11.03 द्वारा घोषित नीति के अनुपालन में समस्त आवश्यक प्रकियायें सुनिश्चित करते हुए हाई–टेक टाउनशिप नीति में विकासकर्ता कम्पनियों के चयन हेतु मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति के अनुमोदनोपरान्त कुल 9 हाई–टेक टाउनशिप हेतु 6 विकासकर्ता कम्पनियों का चयन शासनादेश दिनॉक 21.05.05 द्वारा किया गया था। तत्समय विकासकर्ता कम्पनियों के चयन हेतु प्राप्त प्रस्तावों में से मै. उत्तम स्टील्स एण्ड एसोसिएट्स द्वारा दादरी, जनपद–गौतमबुद्ध नगर में हाई–टेक टाउनशिप हेतु प्रस्तुत प्रस्ताव बिड डाक्युमेंट के अनुरूप न होने के कारण अस्वीकृत कर दिया गया था।

2– मै. उत्तम स्टील्स एण्ड एसोसिएट्स द्वारा शासन के उक्त निर्णय के विरूद्ध मा. उच्च न्यायालय में रिट याचिका संख्या : 616(एम/बी)/2006 निर्माण ओवरसीज प्रा.लि. बनाम उत्तर प्रदेश सरकार व आवास बन्धु दायर की गयी, जिसमें मा. उच्च न्यायालय द्वारा दिनॉक 12.02.06 को उक्त विकासकर्ता कम्पनी के प्रस्ताव पर पुनर्विचार करने के निर्देश दिये गये।

3– मा. उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में दिनॉक 20.06.06 को अधिशासी निदेशक, आवास बन्धु की अध्यक्षता में हाई–टेक टाउनशिप हेतु विकासकर्ता कम्पनियों के मूल्यॉकन हेतु गठित "मूल्यॉकन समिति" की सम्पन्न बैठक में यह निर्णय लिया गया कि हाई–टेक टाउनशिप का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में अधिक से अधिक निजी पूँजी निवेश को प्रोत्साहित करना है, अतः उक्त कन्सार्शियम द्वारा टर्न–ओवर एवं एम.ओ.यू. के संबंध में प्रस्तुत प्रमाण पत्रों के आधार पर 'प्री–क्वालीफिकेशन' हेतु पुनर्विचार करने में कोई आपत्ति प्रतीत नहीं होती है।

AVAS-1//GO-6

Ansal Properties & Infra... Ltd. NEW DELHI

30.11.06

4— मूल्यॉकन समिति द्वारा लिये गये उक्त निर्णय/संस्तुतियों के आधार पर दिनॉक 04.09.06 को मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मै. उत्तम स्टील्स एण्ड एसोसिएट्स के 'प्री–क्वालीफिकेशन' हेतु अर्ह पाये जाने के दृष्टिगत तकनीकी मूल्यॉकन समिति द्वारा 'इन्वेलप–सी' खोलने हेतु यथाशीघ्र आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाय एवं प्रस्ताव के मूल्यॉकनोपरान्त अन्तिम निर्णय हेतु उच्च स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाय।

5— अतः उच्च स्तरीय समिति द्वारा दिनॉक 04.09.06 की बैठक में लिये गये उक्त निर्णय के कम में दिनॉक 03.10.06 को अधिशासी निदेशक, आवास बन्धु की अध्यक्षता में तकनीकी समिति की बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें "डाक्युमेंट फॉर सब्मिशन आफ प्रपोजल" के अंतर्गत प्रस्तावों के मूल्यॉकन हेतु निर्धारित माप दण्डो के आधार पर तकनीकी मूल्यॉकन समिति द्वारा गहन विश्लेषण किया गया तथा तकनीकी मूल्यॉकन समिति द्वारा किये गये मूल्यॉकन के आधार पर मै. उत्तम स्टील्स एण्ड एसोसिएट्स को अधिकतम निर्धारित अंक 100 के सापेक्ष कुल 65.25 अंक प्राप्त हुए।

6— उक्त के आधार पर उच्च स्तरीय समिति द्वारा सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि चूँकि दादरी, गौतमबुद्ध नगर हेतु कोई अन्य प्रस्ताव किसी भी अन्य विकासकर्ता कम्पनी द्वारा नहीं दिया गया है, अतः उपर्युक्त वर्णित स्थिति तथा उल्लिखित तथ्यों के आलोक में हाई–टेक टाउनशिप नीति–2003 के अंतर्गत मै. उत्तम स्टील्स एण्ड एसोसिएट्स को दादरी, गौतमबुद्ध नगर में हाई–टेक टाउनशिप विकसित किये जाने हेतु चयनित किया जाय।

7— अतः वर्णित स्थिति तथा उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दादरी, गौतमबुद्ध नगर में हाई–टेक टाउनशिप के विकास हेतु मै. उत्तम स्टील्स एण्ड एसोसिएट्स (कन्सार्शियन) का हाई–टेक टाउनशिप नीति–2003 के अंतर्गत चयन किया जाता है।

8— इसी संबंध मे मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या : 8587/9–आ–1–2003–37वि/2003, दिनॉक 22.11.03, शासनादेश संख्या : 3713/आठ–1–05, दिनॉक 21.05.05 तथा शासनादेश संख्या : 5666/आठ–1–05–34विविध/03, दिनॉक 25.11.05 द्वारा उत्तर प्रदेश में हाई–टेक टाउनशिप विकसित करने के लिए निजी पूँजी निवेश के प्रोत्साहन हेतु नीति निर्धारण, विकासकर्ता कम्पनियों के चयन तथा कम्पनियों के साथ एम.ओ.यू. निष्पादन के संबंध में विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं, जो इस प्रकरण में भी प्रभावी होंगे। उक्त के साथ ही इस प्रकरण में एम.ओ.यू. के निष्पादन हेतु गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद को काम्पीटेंट अॅथारिटी नामित किया जाता है। अतः अनुरोध है कि कृपया उपर्युक्त वर्णित शासनादेशों में निहित व्यवस्था के अंतर्गत एम.ओ.यू. के निष्पादन तथा अन्य कार्यवाही नियमानुसार सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

डी. सी. लाखा
प्रमुख सचिव

Ansal Properties & Infra... NEW Delhi

30.11.06

AVAS-1//GO-6

30

संख्या : 6913(1)/आंठ–1–06, तद्दिनॉक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. औद्योगिक विकास आयुक्त, औद्योगिक विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. प्रमुख सचिव, कर एवं निबन्धन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
3. मण्डलायुक्त, मेरठ।
4. महानिरीक्षक, कर एवं निबन्धन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
5. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6. संबंधित भूमि अध्याप्ति अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
7. अधिशासी निदेशक आवास बन्धु को सबंधित विकासकर्ता कम्पनियों/कन्सार्शियम को तदनुसार सूचित करने एवं इस संबंध में अग्रतर कार्यवाही करने हेतु।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(शिव जनम चौधरी)
अनु सचिव

Ansal Properties & Infrastructure Ltd. NEW DELHI

30.11.06

AVAS-1/GO-6

31

आवास बन्धु

प्रथम तल, जनपथ मार्केट, लखनऊ
दूरभाष: 2622941, 2627021, फैक्स: 2612098
ई–मेल : abandhu @sancharnet.in

संख्या: 1262 / आ.ब.–4 / नियोजन–हाई–टेक टाउनशिप / 2006–07 दिनांक: 29 नवम्बर, 2006

सेवा में,

**मैसर्स उत्तम स्टील्स एण्ड एसोसिएट्स,**
उत्तम हाउस,
69 पी.डी. मेलो रोड, मुम्बई–400009

**विषय: उत्तर प्रदेश में हाई–टेक टाउनशिप के विकास हेतु निजी पूंजी निवेश के प्रोत्साहन के लिए हाई–टेक टाउनशिप नीति–3003 के अन्तर्गत मैसर्स उत्तम स्टील्स एण्ड एसोसिएट्स (कन्सॉर्शियम) का चयन।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक उत्तर प्रदेश में 'हाई–टेक' टाउनशिप विकसित करने के लिए शासनादेश संख्या: 6087 / 9–आ–2–3003–34 विविध / 03, दिनांक 22.11.203 के अधीन घोषित नीति के कम में दिनांक 16.7.2004 एवं दिनांक 03.9.2004 को राष्ट्रीय स्तर के समाचार–पत्रों में प्रकाशित विज्ञापन का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से 'हाई–टेक' टाउनशिप के विकास हेतु प्रस्ताव आमन्त्रित किए गए थे।

2. इस सम्बन्ध में आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या: 6913 / आठ–1–06–51रिट / 06, दिनांक 28 नवम्बर, 2006 के अनुपालन में मुझे आपको यह सूचित करने की अपेक्षा हुई है कि उक्त विज्ञापन के सापेक्ष आपके कन्सॉर्शियम द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर उच्च स्तरीय समिति द्वारा विचारोपरान्त दादरी, जनपद गौतमबुद्ध नगर में हाई–टेक टाउनशिप के विकास हेतु मैसर्स उत्तम स्टील्स एण्ड एसोसिएट्स (कन्सॉर्शियम) को चयनित किया गया है।

3. मुझे यह भी सूचित करने की अपेक्षा हुई है कि मैसर्स उत्तम स्टील एण्ड एसोसिएट्स (कन्सॉर्शियम) के प्रकरण में एम.ओ.यू. के निष्पादन हेतु शासन द्वारा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को 'कम्पीटेन्ट अथारिटी' नामित किया गया है। अतः हाई–टेक टाउनशिप नीति, 2003 में निहित व्यवस्था के अन्तर्गत एम.ओ.यू. के निष्पादन तथा अन्य कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु कृपया उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से सम्पर्क स्थापित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
(हस्ताक्षर) 29.11.06
(एन. आर. वर्मा)
अपर निदेशक, नियोजन

संख्या: 1262(1) / आ.ब.–4 / नियोजन–हाई–टेक टाउनशिप / 2006–07 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण।
2. जिलाधिकारी, जनपद गौतमबुद्ध नगर।
3. अनु सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन।
4. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तर प्रदेश।
5. गार्ड फाइल ।

(हस्ताक्षर) 29.11.06
(एन. आर. वर्मा)
अपर निदेशक, नियोजन

मद संख्या : 6

विषय: **राष्ट्रीय राजमार्ग-24 पर ग्राम डासना की भूमि पर स्थित आई.एम.एस. इंजी0 कॉलिज आध्यात्मिक नगर के मानचित्रों के शमन/ स्वीकृति के सम्बन्ध में।**

हापुड़ बाई पास एन.एच.24 पर स्थित इन्स्टीटयूट आफ मैनेजमेंट स्टडीज खसरा नं0 1066, 1089क, 1090ख, 1067, 1090क व 1090ख/1 राजस्व ग्राम डासना की 41820 वर्ग मी0 भूमि पर मानचित्र संख्या 95/ईएचए/संस्था/2004-05 के द्वारा स्वीकृति हेतु प्रस्ताव दिया गया था। इस संस्था का पूर्व में खसरा सं0 1066, 1067, 1089, 1090क व 1090ख की कुल 17005 वर्ग मी0 भूमि पर मानचित्र संख्या 63/ईएचए/संस्था/95 स्वीकृत हुआ था तत्पश्चात दिनांक 17.06.2003 में कुछ भाग का शमन भी कराया गया था। प्रस्तुत मानचित्र संख्या 95/ईएचए/संस्था/2004-05 के प्रस्ताव के आंशिक भाग में स्थल पर कर लिये गये निर्माण का शमन करते हुए मानचित्र प्रस्ताव स्वीकृति की प्रक्रिया में था कि इसी बीच प्रेम कुमार का प्रकरण समाचार पत्रों में आने के बाद, सचिव, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पत्र दिनांक 21.12.2005 के द्वारा उक्त भूमि में कोई सरकारी भूमि तो नहीं है, के सम्बन्ध में जानकारी हेतु जिलाधिकारी को पत्र प्रेषित किया गया। जिलाधिकारी गाजियाबाद के पत्र दिनांक 14.01.06 के द्वारा अवगत कराया गया कि प्रश्नगत संस्था की भूमि में से खसरा नं0 1090ख व 1090ख/1 की कुल 2.978 हेक्टेयर भूमि प्रेम कुमार आदि के नाम फर्जी प्रविष्टि पाये जाने के कारण राज्य सरकार में निहित की जा चुकी है। प्रकरण पर माननीय उच्च न्यायालय द्वारा अपने आदेश दिनांक 18.08.05 द्वारा प्रश्नगत भूमि पर निम्नानुसार आदेश पारित किये गये :-

"In the meantime, none of the petitioners will be arrested pursuant to the FIR and none of the petitioners will be dispossessed from the land in question, if they are still in possession of the same. However, the petitioners are restrained from altering the nature of the land or alienating the land or creating any change over the same. If any of the petitioners have been arrested in pursuance to the FIR they, will be set at liberty forthwith unless they are wanted in connection with same other case."

चूंकि स्वामित्व स्पष्ट नही था, इसलिए मानचित्र स्वीकृत नही किया गया। जिलाधिकारी गाजियाबाद के उक्त पत्र के विरूद्ध आई.एम.एस. इंजीनियरिंग कालेज, द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में रिट याचिका संख्या 4744 (एम.एस.)/2005 आई.एम.एस. सोसाइटी बनाम राज्य सरकार व अन्य दायर की गयी, जिसमें माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 24.08.06 में निम्न आदेश पारित किये गये :-

"Accordingly, the writ petition is disposed off finally with a direction that petitioner's possession shall not be disturbed from the property in question otherwise than in due course of law and he shall not be evicted otherwise than in due course of law.

With the above observation and direction the writ petition stands disposed off finally."

33



इसी बीच आई.एम.एस. इंजीनियरिंग कालेज गाजियाबाद द्वारा स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किये गये मानचित्र में प्रस्तावित कतिपय निर्माण कैम्पस में करा लिया गया तथा संस्था की ओर से श्री संजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आई.एम.एस. सोसाइटी द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिनांक 06.07.2006 एवं शपथ पत्र दिनांक 12.06.2006 प्राधिकरण में प्रस्तुत किया गया जिसमें यह उल्लेख है कि सोसायटी यह वचन देती है कि चूंकि प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है एवं कभी कभी कोर्ट के निर्णय में 15-20 वर्षो का समय लग जाता है। अतः छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुये संस्था के मानचित्रों पर स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करें तथा शपथ पत्र में यह उल्लेख किया गया है कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा संदर्भित भूमि के सम्बन्ध में जो भी निर्णय भविष्य में किया जायेगा वह उन्हें स्वीकार्य होगा।

आई.एम.एस. के इस अनुरोध के क्रम में प्रकरण शासन को संदर्भित किया गया। विशेष सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग द्वारा अपने पत्र दिनांक 10.10.2006 पर यह निर्देश दिये गये है कि माननीय उच्च न्यायालय के दिनांक 24.08.2006 में दिये गये उक्त निर्णय के क्रम में न्याय विभाग का परामर्श प्राप्त किया गया। न्याय विभाग द्वारा यह परामर्श दिया गया कि विधि द्वारा स्थापित सामान्य प्रक्रिया के अन्यथा याचीगण को प्रश्नगत भूमि को वेदखल करने एवं उन्हें कब्जे से किसी प्रकार का हस्ताक्षेप न करने के सापेक्ष निर्देश दिये गये है। प्रकरण में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को पक्षकार के रूप में समाहित नही किया गया है। ऐसी दशा में उपरोक्त माननीय उच्च न्यायालय आदेशों के अतिरिक्त यदि कोई अन्यथा आदेश नही हो तो प्राधिकरण को प्रश्नगत मानचित्र के शमन/स्वीकृति के सम्बन्ध में विधित एवं नियमानुकूल निर्णय लिये जाने में कोई विधिक अडचन प्रतीत नही होती है। कृपया प्रश्नगत मानचित्र का शमन/स्वीकृति के सम्बन्ध में विधित व नियमानुकूल निर्णय लेने का कष्ट करें।

अतः आई.एम.एस. के उपरोक्त अनुरोध एवं विशेष सचिव आवास एवं शहरी नियोजन के पत्र दिनांक 10.10.2006 में दिये गये निर्देशों के क्रम में प्रकरण प्राधिकरण की आगामी बोर्ड बैठक के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्याः 7

**विषयः– वैशाली योजना के ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या जी0एच0–7 पर अवशेष 75 प्रतिशत धनराशि की अदायगी किश्तों में किये जाने के संबंध में।**

वैशाली योजना के सैक्टर–3 में ग्रुप हाउसिंग भूखण्ड संख्या जी0एच0–7 क्षेत्रफल 3388 वर्ग मीटर नीलामी द्वारा रू0 42,250/– प्रति वर्ग मीटर की दर पर मै0 स्काई टैक कन्सट्रक्शन प्रा0 लि0 को दिनॉक 30–6–2006 को आवंटित है। नीलामी की शर्तो के अनुसार 25 प्रतिशत धनराशि फॉल ऑफ हैमर पर जमा करायी जा चुकी है तथा अवशेष 75 प्रतिशत धनराशि रू0 10,71,67,928.00 आवंटन पत्र की तिथि दिनॉक 30–6–2006 से 6 माह में बिना ब्याज के जमा करायी जानी है। समस्त भुगतान के उपरान्त सेल डीड कराने के बाद कब्जा दिया जाना है। प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनॉक 13–9–2006 के मद संख्याः–7 पर सन्दर्भित भूखण्ड के अवशेष धनराशि तीन वर्ष कि किश्तो में लिए जाने के संबंध में निर्णय लिया गया कि यह तथ्य प्रकाश में आया कि धनराशि जमा करने की समय सीमा अभी समाप्त नही हुई है। अतः इस प्रस्ताव यपर विचार किया जाना औचित्यपूर्ण नही माना गया। प्राधिकरण की बोर्ड बैठक दिनॉक 20–7–2006 के मद संख्या–26 पर नीलामी में आवंटित भूखण्डों की अवशेष 75 प्रतिशत धनराशि बिडदाताओं से जमा कराये जाने के संबंध में यह निर्णय लिया गया था कि चूँकि प्राधिकरण के पास वर्तमान में पर्याप्त संचित धनराशि उपलब्ध है, अतः भविष्य में की जाने वाली नीलामी हेतु भुगतान विवरण के संबंध में निम्न व्यवस्था सुनिश्चित की जाए

सफल बोलीदाता को विकल्प दिया जाए कि शत–प्रतिशत भुगतान दो माह में बिना ब्याज के कर दिया जाए अथवा नीलामी छूटने के समय 25 प्रतिशत धनराशि का भुगतान तत्काल एवं अवशेष 75 प्रतिशत धनराशि का भुगतान 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से तीन वर्ष में करने का विकल्प दिया जाए। प्राधिकरण द्वारा इस वित्तीय वर्ष 2006–2007 में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया जा चुका है और प्राधिकरण द्वारा यदि प्राप्त धनराशि को बैंक में जमा रखा जाता है तब भी अधिकतम ब्याज 8 प्रतिशत से 9 प्रतिशत की ब्याज की दर प्राप्त हो सकती है जबकि अवशेष 75 प्रतिशत किश्तों की धनराशि से 12 प्रतिशत की दर से ब्याज प्राप्त होगा। यह नीलामी प्राधिकरण के बोर्ड निर्णय दिनॉक 20–7–2006 के पूर्व की है एवं 6 माह की समय सीमा समाप्त हो रही है।

अतः प्राधिकरण की स्थिति को देखते हुए एवं आवंटी के अनुरोध पर विचार करते हुए दिनॉक 20–7–2006 के बोर्ड निर्णय का लाभ देते हुए 25 प्रतिशत धनराशि जमा करके लीज–डीड के उपरान्त कब्जा दिये जाने पर अवशेष 75 प्रतिशत धनराशि 12 प्रतिशत ब्याज के साथ 3 वर्षो में लिये जाने का प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

**संशोधित प्रस्तावः–**

**मद संख्या– 8**

## हिन्डन नदी के किनारे बंध एवं सड़क को बनाये जाने के सम्बन्ध में।

प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनांक 18.11.06 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में अधिशासी अभियन्ता सिंचाई निर्माण खण्ड गाजियाबाद को जी0टी0रोड पर प्रस्तावित रोड की कनैक्टीविटी को सम्मलित करते हुये संशोधित आगणन मॉगने हेतु गा0वि0प्रा0 द्वारा पत्र सं0 411, दिनांक 28.11.06 को पत्र भेजा गया। अधिशासी अभियन्ता सिंचाई निर्माण खण्ड गाजियाबाद के पत्र सं0 2214 दिनांक 04.12.2006 के साथ नन्दग्राम तटवर्ती बंध पर 6 लेन सड़क बनाये जाने हेतु तथा जी0टी0 रोड पर प्रश्नगत सड़क की कनैक्टीविटी को सम्मलित करते हुये संशोधित आगणन धनांक 33.94 करोड़ का दिया है। इसमें पूर्व में रू011.11 करोड का भुगतान सिंचाई विभाग को किया जा चुका हैं। शेष रू0 22.83 करोड के भुगतान हेतु आगणन का परीक्षण वैयक्तिक सहायक तकनीकी द्वारा किया जा चुका है। इस आगणन 4 लेन के लिये भूमि अधिग्रहण के लिये ली गयी धनराशि रू0 3.47 करोड के विरूद्ध रू0 12.10 करोड तथा मिटटी भराई के लिये ली गई रू0 7.64 करोड के विरूद्ध 7.64 करोड ही हैं। इसके अतिरिक्त संशोधित आगणन में 6 लेन के लिये भूमि अधिग्रहण की धनराशि रू0 17.17 करोड तथा मिटटी भराई के लिये रू0 12.86 करोड तथा आगणन में रू0 15.00 लाख प्रति कलवर्ट की दर से 6 कलबर्टो का प्राविधान किया गया है। भूमि अधिग्रहण के लिये धनराशि का आंकलन जिलाधिकारी, गाजियाबाद द्वारा जारी एवं दिनांक 16.06.06 से प्राभावी सर्किल दरों के अनुसार लिया गया है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है के नन्दग्राम बंध वाली सड़क जी0टी0रोड पर जिस बिन्दु पर मिलती है वहां पर जी0टी0रोड की दोनो लेनो की लेविल में 1.00 मीटर का अन्तर है। जी0टी0रोड पर जहां बंधे की तरफ से आने वाली रोड मिलती है वहां पर

टी–जंक्शन नही बनाया जा सकता, क्योंकि जी0टी0रोड की दोनो लेनो की लेविल में अन्तर है तथा दुर्घटनाओ की भी संभावनाए बढ जायेगीं। इसलिये यह उचित होगा कि यह सड़क जी0टी0 रोड पर जहां मिलती हैं वहां से इस सड़क को तीन लेन बनाते हुए मेरठ रोड के तिराहे पर जोड़ दिया जाए, परन्तु ऐसा करने से तिराहे पर ट्रेफिक का दवाब अधिक बढ़ जाने के फलस्वरूप ट्रेफिक जाम की समस्या उत्पन्न होगी उसके निराकरण हेतु यह उचित होगा कि मेरठ रोड के तिराहे पर चार सड़क का सिगनल फ्री क्लोवर लीफ बनवा दिया जाये, क्योंकि निकट भविष्य में इस तिराहे से प्रताप विहार होते हुए एक सड़क एन0एच0–24 को जोड़ी जानी प्रस्तावित है। प्राधिकरण के पूर्व बोर्ड निर्णय के अनुसार वर्तमान में 6 पुलों का निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश राज्य सेतू निगम लि0 से कराया जा रहा है। यह निगम प्रदेश एवं देश के अन्य भागों में पुल निर्माण का कार्य कर रहा है। दिल्ली व इस निगम द्वारा एम्स एवं धौला कुआं पर क्लोवर लीफ का निर्माण कार्य किया है। जिनमें से एम्स का क्लोवर लीफ बहुत ही महत्वपूर्ण एवं दक्षता के साथ बनाया गया है। इस क्लोवर लीफ पर बिना रूके ट्रेफिक सुगमता पूर्वक चल रहा है। अतः इस क्लोवर लीफ को भी उत्तर प्रदेश राज्य सेतू निगम लि0 से बनाया जाना उचित होगा। इस पर लगभग 50 करोड़ व्यय होने की सम्भावना है।

सिंचाई विभाग निर्माण खण्ड के संशोधित आगणन की लागत पर 1 प्रतिशत कन्टीजेन्सी एवं भूमि अधिग्रहण एवं निर्माण लागत दोनो पर 12.5 प्रतिशत सेन्टेज चार्जेज भी लिया गया है। इस प्रकार कुल कार्य की लागत रू0 33.94 करोड है।

उत्तर प्रदेश राज्य सेतू निगम लि0 के साथ एम0ओ0यू0 करने की अनुमति प्रदान किया जाना उचित होगा। जहां तक व्यय का प्रश्न है उत्तर प्रदेश राज्य सेतू निगम लि0 से आगणन प्राप्त होने पर सी0पी0डब्लू0डी0/ आई0आई0टी0 रूडकी, दिल्ली से आगणन

का परीक्षण कराने के उपरान्त वास्तविक धनराशि की स्वीकृति बोर्ड से प्राप्त कर ली जायेगी।

अतः निम्नलिखित बिन्दुओं पर स्वीकृति वांछित है :–

1. सिंचाई विभाग के संशोधित आगणन धनांक रू0 33.94 करोड़ की स्वीकृति प्रदान करना।

2. मेरठ रोड तिराहे पर उत्तर प्रदेश राज्य सेतू निगम लि0 से सिंग्नल फ्री क्लोवर लीफ बनवाने के लिए एम0ओ0यू0 करने की स्वीकृति के साथ–साथ अनुमानित धनराशि 50 करोड़ की स्वीकृति प्रदान करना।

अतः उपरोक्तानुसार प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रेषित।

EE8

मद संख्याः 9

विषय : महानगर गाजियाबाद के प्रमुख प्रवेश द्वारों एव मुख्य सार्वजनिक स्थलों पर राउण्ड द क्लाक रिकार्डिग एवं वाच सुविधा से युक्त अत्याधुनिक कैमरे लगाये जाने के सम्बन्ध में ।

---

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गाजियाबाद के पत्र सं0 आर–एस0एस0पी0–25(विविध)/2006 दिनांक 28–11–2006 द्वारा महानगर गाजियाबाद के प्रमुख प्रवेश द्वारों एवं मुख्य सार्वजनिक स्थलों पर राउण्ड द क्लाक रिकार्डिंग एवं वाच सुविधा से युक्त अत्याधुनिक कैमरे लगाये जाने हेतु सहयोग का अनुरोध किया है । इस कार्य पर लगभग रू0 150 लाख का व्यय सम्भावित है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के उक्त प्रस्ताव के अनुरूप कार्यवाही करने से निःसन्देह गाजियाबाद के शान्ति व्यवस्था की स्थिति सुदृढ होगी तथा अपराध में कमी व यातायात व्यवस्था में भी अभूतपूर्व सुधार होगा । निःसन्देह इस स्थिति में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण व उसके द्वारा की गयी व्यवस्था के अधीन प्राधिकरण व बिल्डर्स द्वारा विकसित की जाने वाली आवासीय सुविधाओं में भी जनता का रूझान बढ़ेगा ।

उक्त के परिप्रेक्ष्य में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गाजियाबाद का प्रस्ताव अवस्थापना मद के अन्तर्गत क्रियान्वित किये जाने हेतु प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत है ।

कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, गाजियाबाद।

संख्या : आर-एसएसपी-25(विविध)/2006 दिनांकित : 28-11-2006 39

सेवा मे,

श्री डी0पी0 सिंह,
आई0ए0एस0
उपाध्यक्ष,गाजियाबाद विकास प्राधिकरण,
गाजियाबाद ।

कृपया जैसा कि आप अवगत ही है कि जनपद गाजियाबाद राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का सीमावर्ती जनपद है, जिसकी सीमायें जनपद मेरठ, बागपत, बुलन्दशहर, गौतमबुद्धनगर से मिलती है । राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का सीमावर्ती जनपद होने के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में घटित होने वाले राजनैतिक, साम्प्रदायिक, औद्योगिक, आर्थिक, व्यवसायिक, आतंकवादी दृष्टिकोण एवं अन्य सामान्य गतिविधियों का जनपद गाजियाबाद पर सीधा प्रभाव पडता है एवं वहां पर घटित होने वाली घटनाओं के कारण भी इस जनपद की कानून एवं शान्ति व्यवस्था की स्थिति प्रभावित होने के सम्भावना बनी रहती है । यह जनपद आर्थिक, आपराधिक एवं साम्प्रदायिक दृष्टिकोण से भी काफी संवेदनशील है, इसके अतिरिक्त उत्तर-पूर्व भारत का सम्पूर्ण यातायात दिल्ली जाने एवं आने के लिये जनपद गाजियाबाद से होकर गुजरता है। जनपद गाजियाबाद से तीन प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरते है जो दिल्ली को देहरादून, नैनीताल एवं लखनऊ से जोडते है । इस कारण से वी0वी0आई0पी0, वी0आई0पी0 एवं देशी/विदेशी पर्यटको का आवागमन सामान्य रूप से इन राजमार्गो पर प्रायः बना रहता है । जिस कारण से यह मार्ग अत्यन्त महत्वपूर्ण/संवेदनशील बने रहते है ।

2. अतः उपरोक्त स्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए यह अवश्यवम्भावी हो जाता है कि हम जननपद गाजियाबाद(विशेषतया महानगर गाजियाबाद) के नागरिकों/जनता को एक ऐसा स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध करायें जिससे जनता के मन में पुलिस के प्रति एक विश्वास/सहयोग की भावना स्थापित हो सके ।

3. महानगर गाजियाबाद मे यातायात एवं अपराध की स्थिति को सामान्य बनाये रखने तथा कानून एवं शान्ति व्यवस्था की स्थिति को सुदृढ बनाये जाने के लिये महानगर मे प्रवेश करने वाले सभी मुख्य मार्गो यथा यू0पी0गेट, महाराजपुर, लालकुँआ आदि एवं मुख्य सार्वजनिक स्थलो यथा नवयुग मार्किट, सर्राफा बाजार आदि मे अपराध एवं अपराधियों पर सतर्क दृष्टि रखे जाने के उददेश्य से <u>राऊण्ड द क्लाक (Round the clock)</u> रिकार्डिंग एवं वाच सुविधा से युक्त अत्याधुनिक कैमरे लगाये जाने अतिआवश्यक है । जिसके व्यवस्थापित किये जाने से निम्नांकित लाभ होगें ।

- विश्व के अधिकाशतः प्रमुख महानगरों मे यातायात व्यवस्था को नियन्त्रित किये जाने हेतु सन्दर्भित अत्याधुनिक कैमरों को प्रयोग किया जा रहा है । इन

पत्र के साथ कोई संलग्नक प्राप्त नहीं हुए

4/12/06

कैमरा के स्थापित होने के उपरान्त महानगर मे यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जा सकेगी साथ कि साथ यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध प्रभावी वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सकेगी ।

- उपरोक्त युक्ति के माध्यम से जनपद मे प्रवेश करने वाले तथा जनपद से बहार जाने वाले वाहन/व्यक्तियों पर निगरानी रखी जा सकेगी । जिसके माध्यम से असामाजिक/अपराधिक/आतंकवादी गतिविधियों पर प्रभावी रूप मे अंकुश लगाने मे आसानी होगी ।
- जनपद के आपराधिक/आतंकवादी/व्यापारिक/आर्थिक/औद्योगिक रूप से संवेदनशील सार्वजनिक रूप से महत्वपूर्ण स्थलों पर आपराधिक गतिविधियों/आतंकवादी गतिविधियों पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा सकेगा ।
- मुख्य रूप से जनपद मे आवासित सभ्रान्त/व्यवसायिक/औद्योगिक एवं आर्थिक रूप से सम्पन्न परिवारों के मन मे सुरक्षा एवं विश्वास की भावना उत्पन्न करनें मे अपेक्षित सहयोग प्रदान होगा ।
- मेरे द्वारा महानगर गाजियाबाद मे घटित होने वाली आपराधिक गतिविधियों के मूल्यॉकन से विदित हुआ है कि वाहन चोरी, चैन स्नैचिंग, पर्स स्नैचिंग, नकबजनी, चोरी जैसे अपराध शीर्षकों मे अपराध मुख्य रूप से घटित हुए हैं । जिनकी रोकथाम मे उपरोक्त युक्ति से वॉछित सफलता प्राप्त होगी ।
- महानगर गाजियाबाद में जनपद गाजियाबाद पुलिस का यह स्पष्ट रूप से पूर्ण उत्तरदायित्व है कि वह महानगर में आवासित जनता को पूर्ण रूप से सुरक्षा एवं एक शान्तिपूर्वक वातावरण उपलब्ध करायें । जिसके फलस्वरूप जनता के मध्य सुरक्षा की भावना एवं एक शान्तिपूर्ण वातावरण उत्पन्न हो सकेगा ।

4. जनपद मे उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुये अन्य मदों के अलावा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा भी, महानगर की जनता मे सुरक्षा एवं सुरक्षित होने की भावना विकसित करने के उद्देश्य से भी अपेक्षित सहयोग करना परिहार्य होगा ।

5. उक्त सन्दर्भ मे की जाने वाली व्यवस्था के सम्बन्ध मे तैयार किये गये प्रस्ताव की प्रति संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जा रही है कि सन्दर्भित व्यवस्था को अनुमोदित करते हुए महानगर मे प्रस्तावित व्यवस्था कराने का कष्ट करें ।

आख्या सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है ।

( पीयूष मोर्डिया )
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,
गाजियाबाद ।

मद संख्याः 10

विषयः वैशाली योजना में ग्राम मकनपर के खसरा नं0 282 की उपयोग की गयी भूमि के विकल्प में भूमि आवंटन के सम्बन्ध में ।

---

प्राधिकरण द्वारा वैशाली योजना के विकास हेतु वर्ष 1986 में ग्राम मकनपुर की लगभग 454 एकड़ भूमि का अर्जन प्रस्ताव प्रेषित किया गया था, उक्त प्रस्ताव में खसरा नं0–282, 691, 692 मकनपुर की भूमि को राजस्व अभिलेख में त्रुटि होनें के कारण सम्मिलित नहीं किया गया था, जिसके अर्जन हेतु वर्ष 1989 में पुनः प्रस्ताव प्रेषित किया गया, जिसके भू–अर्जन अधिनियम की धारा–4 की अधिसूचना दिनांक 29–9–89 को जारी होकर धारा–6/17 की अधिसूचना दिनांक 16–2–90 को जारी हुई तथा भूमि का कब्जा दिनांक 16–3–90 को प्राप्त किया गया, परन्तु खसरा नं0 691 व 692 के भू–स्वामी द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत कर विकास कार्य न करने का स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया । उक्त दोनो खसरा नं0 वैशाली योजना को इन्दिरापुरम योजना को जोड़ने वाले सड़क में पड़ते थे । सड़क का निर्माण कार्य अवरूद्ध होनें के कारण शासन के आदेश दिनांक 15–6–94 के क्रम में समस्त तथ्यों के परीक्षण उपरान्त खसरा नं0–691, 692 क्षेत्रफल 04 एकड़ के बदले 3.5 एकड़ भूमि छोड़े जाने का प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनांक 29–2–96 के अनुमोदन उपरान्त शासन की अनुमति दिनांक 13–5–96 के माध्यम से भू–स्वामियों के पक्ष में भूमि समयोजित कर दी गयी, जिस कारण उपरोक्त तीनो खसरा नम्बरानों की भूमि का अभिनिर्णय आज तक घोषित नहीं हुआ है । जिस कारण खसरा नं0–282 के स्वामी श्री संजीव कुमार, राजीव कुमार को न तो भूमि का प्रतिकर प्राप्त हुआ हैं और प्राधिकरण द्वारा उनकी भूमि वैशाली में उपयोग कर लेनें के कारण न ही भूमि का लाभ प्राप्त कर सके है, जिस विषय में वह बार–बार प्राधिकरण में प्रत्यावेदन कर रहे हैं । यह प्रकरण पूर्व में दिनांक 20–2–2003 को मद सं0–40 पर प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष रखा गया था, परन्तु कोई निर्णय नहीं हो सका ।

श्री संजीव कुमार द्वारा पुनः भूमि के बदले भूमि आवंटित किये जाने का अनुरोध किया है । प्राधिकरण इनकी भूमि वर्ष 1989 में ही उपयोग कर चुका है । उपरोक्त श्री रामेन्द्र आदि के समानता के आधार पर इनको भी इनकी कुल अर्जित भूमि का 50 प्रतिशत भूमि उपलब्धता के आधार पर वाहय, आन्तरिक विकास शुल्क एवं लीज किराया व फ्री–होल्ड शुल्क प्राप्त कर समायोजित करने हेतु प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष विचारार्थ व निर्णयार्थ प्रस्तुत है ।

मद संख्या : 11

**विषय : वैशाली योजना के सेक्टर–9 राजस्व ग्राम प्रहलादगढ़ी की के खसरा नंबर 179, 180, 170, 171, 172, 17318.15 एकड़ भूमि के संबंध में।**

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की वैशाली योजना के सेक्टर–9 के अन्तर्गत राजस्व ग्राम प्रहलादगढ़ी की 18.15 एकड़ भूमि उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद से प्राप्तु हुई थी, परन्तु उक्त भूमि पर लिखित कब्जा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को प्राप्त नहीं हुआ था प्राधिकरण द्वारा मौके पर विकास कार्य कर भूमि पर कब्जा प्राप्त किया जा चुका है इसी भूमि के अन्तर्गत श्री बनारसी दास शर्मा के खसरा नंबर 179, 180, 170, 171, 172, 173 की भूमि की सम्मलित थी। उक्त भूमि को उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद द्वारा अपनी भूमि बनाते हुए प्राधिकरण को उपलब्ध करायी गयी थी परन्तु उक्त भूमि उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद को कब्जा प्राप्त नहीं हुआ। इस संबंध में उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद का पत्र दिनांक 20.10.2000 अवलोकनीय है जिसमें उल्लेख है कि "यद्यपि खसरा नंबर 170, 17, 179, 180 का भौतिक कब्जा परिषद को अभी प्राप्त नही हुआ है जिसको प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है (संलग्नक–1)। सचिव आवास महोदय के पत्र संख्या वी0आई0पी0 115(i)/8–3–06–134 एल0ए0/06 दिनांक 22.06.06 के साथ माननीय क्षेत्रीय सांसद एवं श्री बनारसीदास शर्मा का पत्र संलग्न है। जिसमें प्रार्थी द्वारा वैशाली, इन्दिरापुरम में भूमि के बदले भूमि की मांग की गई है। सचिव आवास महोदय द्वारा उक्त पत्र में प्रकरण को बोर्ड में रखने हेतु निर्देशित किया गया है (संलग्नक–2)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा खसरा नंबर 170 (क्षेत्रफल 0.126 हे0), 171 (क्षेत्रफल 0.152 हे0), 179 (क्षेत्रफल 0.228 हे0), 180 (क्षेत्रफल 0.190 हे0) है इस प्रकार प्राधिकरण द्वारा प्रार्थी की कुल 0.696 हे0 भूमि बिना कब्जा प्राप्त एवं बिना प्रतिकर भुगतान के प्रयोग की गयी है। अवगत कराना है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक दिनांक 30.11.02 के मद संख्या 10 पर अनअर्जित भूमि के प्रयोग के संदर्भ में प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया कि "काश्तकार की जमीन का 50 प्रतिशत ही काश्तकार को विकास शुल्क, लीजरेन्ट एवं फ्री होल्ड चार्ज लेते हुए भूमि आवंटन की जा सकती है (संलग्नक–3)।

शासन के पत्र के साथ संलग्न श्री बनारसी दास शर्मा के प्रार्थना पत्र पर विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत है।

दूरभाष : कार्यालय : 4771042
आवासीय :

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड प्रथम

# उ0 प्र0 आवास एवं विकास परिषद

वसुन्धरा योजना, प्रहलादगढ़ी, गाजियाबाद

सं0 1052 / वाई-3 / 110 दिनांक 20-10-2000

सेवा में,

संयुक्त सचिव (द्वितीय)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
गाजियाबाद।

विषय :- राजस्व ग्राम प्रहलादगढ़ी, परगना लोनी, तहसील व जिला-गाजियाबाद के खसरा सं0-170, 171, 172, 173, 179 व 180 के अर्जन की स्थिति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या-336/12/भू0अ0अ0/2000, दि0-27.9.2000 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। इस संबंध में अवगत कराना है कि श्री बनारसी दास शर्मा की भूमि जो कि ग्राम प्रहलादगढ़ी, परगना लोनी, तहसील व जिला-गाजियाबाद में खसरा सं0-170, 171, 172, 173, 179 व 180 की है, जिसका विधिवत रूप से अधिग्रहण परिषद द्वारा किया जा चुका है, यद्यपि खसरा सं0-170, 171, 179 व 180 का भौतिक कब्जा परिषद को अभी प्राप्त नहीं हुआ है, जिसको प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। जहाँ तक भूमि के प्रतिकर वितरण का प्रश्न है, वांछित मात्रा में परिषद की धनराशि अपर जिलाधिकारी भूमि अध्याप्ति, आवास, मेरठ के पास उपलब्ध है तथा प्रतिकर की धनराशि उनके कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

आप द्वारा अपने पत्र में अनापत्ति प्राप्त करने के सम्बन्ध में लिखा है। इस संबंध में अवगत कराना है कि बनारसी दास शर्मा की उपरोक्त खसरों की भूमि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को पहले ही हस्तान्तरित की जा चुकी है तथा इस भूमि का नियोजन गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अपने प्लान के मुताबिक करने के लिए स्वतन्त्र है तथा यदि श्री बनारसी दास के साथ गाजियाबाद विकास प्राधिकरण अपने स्तर पर कोई समझौता करना चाहती है तो उसमें परिषद को कोई आपत्ति नहीं है। जहाँ तक श्री बनारसी दास की भूमि का प्रश्न है उपरोक्त खसरों की समस्त भूमि परिषद द्वारा विधिवत रूप से अधिग्रहीत की गयी है तथा जिन भूमि के खसरों का कब्जा परिषद को प्राप्त नहीं हुआ है, लिया जा रहा है। इन खसरों की भूमि पर श्री बनारसी दास का कोई क्लेम/कब्जा नहीं है न ही उनकी भूमि किसी भी प्रकार से छोड़ी जा सकती है। इसके अतिरिक्त विधिवत रूप से समझौते (के प्रारूप) का प्रश्न है, के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि यह गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का आंतरिक मामला है जिसको विधिक रूप से अपने स्तर पर परीक्षण कराकर जी.डी.ए. द्वारा कार्यवाही की जानी है। सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

(एस0सी0जैन)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 :- / उक्त / दिनांक
प्रतिलिपि :- अधीक्षण अभियन्ता, सप्तम-वृत्त, उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद, गाजियाबाद को उपरोक्त के सन्दर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता

34 44

शीर्ष प्राथमिकता/ अनुस्मारक/ फैक्स

अ.शा.प.सं–वी.आई.पी.–115(1)/8–3–06
134एल.ए./ 06

के.एल.मीना,
सचिव।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3
बापू भवन,

लखनऊः दिनॉकः 22जून ,2006

प्रिय महोदय,

ग्राम–प्रहलादगढ़ी गाजियाबाद में स्थित श्री बनवारी दास शर्मा की भूमि खसरा संख्या–179,180,170,171,172,173 के सम्बंध में आख्या उपलब्ध कराने विषयक शासनादेश संख्या–वी.आई.पी.–115/ 8–3–2006–143 एल./ 2006 दिनांक 12 जून, 2006 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराते हुए मुझसे यह कहने की अपेक्षा की गयी है कि प्रकरण में सुस्पष्ट आख्या/ अभिमत एक सप्ताह में शासन को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये थे। कृपया इस प्रकरण को आगामी बोर्ड बैठक में रखकर कृत कार्यवाही से अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

22/6/06

( के.एल.मीना )

श्री डी.पी.सिंह,
उपाध्यक्ष,
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण,
गाजियाबाद।

35 45

फैक्स / शीर्ष प्राथमिकता

संख्या–वी.आई.पी.–115 / 8–3–06–134एल.ए. / 06

प्रेषक,

जी.पी.मिश्र,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

| | |
|---|---|
| 1–आवास आयुक्त, | 2–उपाध्यक्ष, |
| उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, | गाजियाबाद विकास प्राधिकरण |
| उ.प्र., लखनऊ। | गाजियाबाद। |

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 लखनऊ: दिनांक 12 जून, 2006

विषय–ग्राम प्रहलादगढ़ी गाजियाबाद में स्थित श्री बनारसी दास शर्मा की भूमि के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल मा. सांसद के पत्र दिनांक 2.6.2006 एवं पत्र के साथ संलग्न श्री बनारसी दास शर्मा के पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया संलग्न पत्र में किए गये अनुरोध के सम्बन्ध में परीक्षण कराकर सुस्पष्ट आख्या / अभिमत शासन को एक सप्ताह में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोक्त।

भवदीय,

( जी.पी.मिश्र )
विशेष सचिव।

सुरेन्द्र प्रकाश गोयल
संसद सदस्य
(लोकसभा)

सत्यमेव जयते

125, सराय नजर अली
गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश
0120-2854444, 2731080

प्रति
श्री के0एल0 मीना
आवास सचिव उ0प्र0 शासन, लखनऊ ।

प्रिय श्री मीना

मेरे संज्ञान में लाया गया है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण व आवास विकास परिषद के मिले-जुले षडयन्त्र से मेरे क्षेत्र के निवासी श्री बनारसी दास शर्मा का परिवार बरबाद हो रहा है। श्री शर्मा का प्रार्थना पत्र जो आपको संदर्भित एवं संलग्न है।

इनकी लगभग 3½ एकड़ जमीन पर जी0डी0ए0 ने वैशाली में कालोनी बनाकर बेच दी जबकि इनको न तो जमीन के बदले जमीन मिली और न ही उस जमीन का प्रति कर प्राप्त हुआ। जी0डी0ए0 का कहना है कि उपरोक्त जमीन हाउसिंग बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराया गया था। उ0प्र0 आवास विकास परिषद का कहना है कि उसने जमीन का कब्जा ही नहीं लिया इसलिये प्रति कर का भुगतान नहीं किया गया ।

ऐसी परिस्थिति में आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त मामले की जांच करा कर श्री शर्मा को या तो इसी कालोनी में या इसी कालोनी के बराबर किसी अन्य कालोनी में जमीन उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवनिष्ठ

सुरेन्द्र प्रकाश गोयल
सांसद
02/06/2006

47

(अ)

सेवा में
आवास सचिव
उत्तर प्रदेश शासन
लखनऊ।

विषय : ग्राम प्रहलादगढ़ी में खसरा नं0 179, 180, 170, 171, 172, 173 पर निर्माण के सम्बन्ध में।

महोदय,

निवेदन यह है कि उपरोक्त खसरा नम्बर की मेरी जमीन पर प्राधिकरण द्वारा वैशाली योजना मे जज कालोनी के नाम से भवन निर्मित, एवं विकास किया गया। परन्तु प्राधिकरण द्वारा मेरे उपरोक्त खसरा नम्बरों का अधिग्रहण नहीं किया गया और अनाधिकृत रूप से भवन बना लिए गये। प्राधिकरण से मालूम करने पर मुझे पता चला कि आवास विकास परिषद से प्राधिकरण ने 50 एकड़ भूमि हस्तान्तरण की गई है और इसका अभिग्रहण आवास विकास द्वारा किया गया है। लेकिन जब में आवास विकास मेरठ में भूमि अधिकरण के बदले मुआवजा लेने गया तो उन्होने मुआवजा देने से इंकार कर दिया और कहा कि जब हम आपकी भूमि का कब्जा ले ही नहीं रहे हैं तो हम आपको मुआवजा नहीं देगें। फिर हारकर मैं माननीय हाई कोर्ट में गया तो वहा भी आवास विकास के ए0डी0एम0एल0ए0 द्वारा यह शपथ पत्र दिया गया कि जब हमने आपकी भूमि का कब्जा ही प्राप्त नहीं किया गया है तो मुआवजा क्यों दें। ऐसी स्थिति में जब आवास विकास परिषद द्वारा ही मेरी जमीन का कब्जा नहीं लिया गया है तो परिषद द्वारा मेरी भूमि का कब्जा प्राधिकरण को करने दे दिया गया, यह मेरी समझ से बाहर है।

महोदय मैं प्राधिकरण में लगभग 1994 से प्राधिकरण के चक्कर काट रहा हूँ लेकिन मुझे मेरी भूमि का कुछ पता नहीं चल रहा, जबकि जी0डी0ए0 द्वारा मेरी भूमि पर बिना कब्जा लिये विकास एवं निर्माण कार्य कर ही लिया गया है तो मुझे मेरी भूमि का ना मिल सके तो अन्यत्र वैशाली, इन्द्रापुरम आदि में मुझे भूमि के बदले भूमि देने की कृपा करें। ताकि मैं एवं मेरा परिवार का पालन पोषण ठीक प्रकार से कर सकूँ।

धन्यवाद।

प्रार्थी
(हस्ताक्षर)
बनारसी दास शर्मा
एस0ए0 18/8
शास्त्री नगर, गाजियाबाद।

प्रतिलिपि :
माननीय सांसद गाजियाबाद को इस आशय से प्रेषित की मुझे मेरी भूमि भी ना मिल सके तो उसके स्थान पर अन्यत्र भूमि दिलाने का कष्ट करें।

मद सं० 10

विषयः गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा प्रयोग की जाने वाली अनार्जित भूमि के सम्बन्ध में नीति निर्धारण हेतु प्रस्ताव। (बोर्ड बैठक दिनांक 7-6-2002 के मद सं०-25 में बोर्ड द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में)

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के अर्जित क्षेत्र में इस प्रकार के प्रकरण बहुधा आ रहे हैं जिसमें प्राधिकरण द्वारा कृषकों की अनार्जित भूमि का भूलवश अपनी योजनाओं में उपयोग कर लिया गया है अथवा कोई त्रुटिवश अर्जन से छूट गयी है परन्तु नियोजन की दृष्टि से भूमि की आवश्यकता रहती है। इस प्रकार यह अनार्जित भूमि दो प्रकार की हैः-

क- ऐसी भूमि जो अर्जित नहीं है परन्तु प्राधिकरण द्वारा अपनी विकास योजनाओं में पूर्व में उपयोग की जा चुकी है।

ख- ऐसी भूमि जो अर्जित नही है तथा मौके पर खाली है और प्राधिकरण को नियोजन हेतु भूमि की आवश्यकता है।

उक्त दोनों प्रकार की भूमि के सम्बन्ध में काश्तकारों से विवाद चलते हैं तथा प्राधिकरण की कोई नीति/फार्मूला निर्धारित न होने के कारण ऐसे प्रकरणों का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनांक 7-6-2002 में नीति बनाये जाने के निर्देश दिये गये हैं तथा अपेक्षा की गयी थी कि आगामी बोर्ड बैठक में तदानुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाये।

पहले प्रकार की भूमि जहां भूमि का उपयोग किया जा चुका है, के सम्बन्ध में समय-समय पर शासन द्वारा भी अलग-अलग प्रकरणों में निर्देश/शासनादेश प्राप्त हुए हैं। उक्त निर्देशों तथा समय-समय पर किये गये समझौतों को दृष्टिगत रखते हुए नियमानुसार प्रस्ताव हैः-

क- अनाधिकृत भूमि का वर्तमान प्रतिकर जिलाधिकारी से निर्धारित करा कर काश्तकार को दिया जाये। समझौते के आधार पर ली जाने वाली भूमि में प्रतिकर निर्धारित के लिये शासन द्वारा कमेटी गठित की है। कमेटी द्वारा निर्धारित प्रतिकर काश्तकार को दिया जायेगा।

ख- जहां काश्तकार प्रतिकर लेने पर सहमत न हो, वहां पर भूमि के बदले भूमि के आधार पर अन्यत्र स्थान पर भूमि प्राधिकरण आवंटित करे। प्राधिकरण द्वारा आवंटित की जाने वाली भूमि काश्तकार की कुल अर्जित भूमि के अविकसित क्षेत्रफल के विक्रय योग्य क्षेत्रफल से अधिक नहीं होगी। सामान्य रुप से यह अनुपात 56% का है अर्थात काश्तकार की जमीन का अधिकतम 56% ही उसे आवंटित किया जा सकेगा।

ग- आवंटी को दी जाने भूमि पर वर्तमान दर से वाह्य एवं आन्तरिक विकास शुल्क लिया जाना प्रस्तावित है।

घ- इस प्रकार आवंटित भूमि पर प्राधिकरण के वही सभी नियम व शर्ते होगी जो सामान्य योजनाओं में आवंटियों के [illegible] में होती हैं तथा प्राधिकरण के बिल्डिंग बाईलाज लागू होंगे।

ङ- भूमि आवंटन से पहले अनार्जित भूमि का मौके पर सत्यापन सही

स्थिति की जांच सम्बन्धित उप जिलाधिकारी (एस0डी0एम0) से करायी जायेगी।

च- प्राधिकरण को प्राप्त होने वाली भूमि का पंजीकरण व्यय प्राधिकरण द्वारा तथा आवंटी को प्राप्त होने वाली भूमि का पंजीकरण व्यय आवंटी द्वारा वहन किया जायेगा।

दूसरे प्रकार की भूमि जहां अभी भूमि खाली पडी हो वहां नियोजन की दृष्टि से आवश्यक होने पर भूमि वर्तमान दर पर किसान से सीधे क्रय की जा सकती है। सीधे क्रय करने की दशा में स्टाम्प ड्यूटी आदि का वहन प्राधिकरण ही करेगा। इस प्रक्रिया में प्राधिकरण पर कोई वित्तीय भार नहीं पडेगा क्योंकि प्राधिकरण द्वारा भूमि अर्जित किये जाने की दशा में भू-अध्याप्ति के लिये 10% अर्जन व्यय भी देना पडता है जबकि काश्तकार से सीधे क्रय करने में 8% स्टाम्प ड्यूटी देनी पडेगी। इस प्रकार 2% की बचत प्राधिकरण को ही होगी। काश्तकार द्वारा निगोसिएशन न किये जाने की दशा में भूमि अर्जित की जानी होगी तथा धारा 4(1) व 6/17 के क्रम में भूमि का कब्जा प्राप्त किया जायेगा। सीधे क्रय की प्रक्रिया, अनार्जित भूमि जो उपयोग में आ चुकी है, में भी काश्तकार से सहमति की दशा में लागू की जा सकेगी।

उक्त दोनों प्रकार की भूमि में परिसम्पत्तियां होने की दशा में परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन करा कर नियमानुसार डेप्रिसिएशन (निर्माण के प्रकरणों में) सम्मिलित करते हुए परिसम्पत्तियों का प्रतिकर भुगतान भी किया जाना प्रस्तावित है।

प्रस्ताव बोर्ड के विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

OSD A.

50

90

## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक दिनॉक 30–11–2002 का कार्यवृत्त

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की 89वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 30–11–2002 को सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नांकित अधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा भाग लिया गया : –

1– श्री जी0गणेश, अध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद ।
2– श्री जय शंकर मिश्र, सचिव, आवास, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ ।
3– श्री संजीव कुमार मित्तल, जिलाधिकारी, गाजियाबाद ।
4– श्री प्रशान्त त्रिवेदी, उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ।
5– श्री आर0बी0 मौर्य, नगर आयुक्त, नगर निगम, गाजियाबाद ।
6– श्री ए0के0 कौल,मुख्य अभियन्ता,जल निगम,गाजियाबाद(प्रबन्धक निदेशक,जल निगम के प्रतिनिधि)
7– श्री आशीष कुमार मेहरोत्रा, सदस्य नामित, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ।

मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक , उ0प्र0,लखनऊ ,जो कि बोर्ड के सदस्य हैं, के द्वारा बैठक में भाग न लिए जाने पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया कि उनकी अनुपस्थिति के सम्बन्ध में उनका स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाए ।

उपाध्यक्ष द्वारा बैठक से पूर्व अध्यक्ष, सचिव–आवास एवं अन्य सदस्यगणों का स्वागत किया गया । तदुपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हुई एवं विचार विमर्श उपरान्त निम्नवत् निर्णय लिये गये : –

| मद | निर्णय |
|---|---|
| प्राधिकरण की बैठक दि0 7–6–2002 के कार्यवृत्त की पुष्टि । | प्राधिकरण की बैठक दिनॉक 7–6–2002 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई । |
| प्राधिकरण की बैठक दि0 7–6–2002 की अनुपालन आख्या। | प्राधिकरण की बैठक दिनॉक 7–6–2002 की अनुपालन आख्या अवलोकित की गई । जहाँ तक विकास प्राधिकरणों को आयकर की परिधि में लेने के सम्बन्ध में है, इस सम्बन्ध में शासन स्तर से भी प्रयास किये गये, लेकिन उच्चत्तर स्तर पर अपेक्षित निर्णय न होने के फलस्वरूप प्राधिकरण को अपने सिस्टम में सुधार कर स्वतः प्रयास करना चाहिये कि देय न्यूनतम आयकर आवास विकास परिषद की भांति वैधानिक एवं वित्तीय दृष्टिकोण से हो तथा इसके लिये शासन द्वारा गाजियाबाद विकास प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद को संयुक्त रूप से अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। वर्ष 2003–04 के प्रथम त्रैमास में सरकारी बकायों की देनदारी हेतु एक पंचवर्षीय |

योजना भी तैयार कर ली जाये।

| | |
|---|---|
| गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण । | प्राधिकरण की वित्तीय स्थिति अवलोकित की गई। यह भी निर्णय लिया गया कि पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत शासकीय ऋणों के भुगतान के समाधान हेतु कार्यवाही की जाए तथा प्रस्ताव आगामी बोर्ड बैठक के समक्ष लाया जाए । |
| गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की वर्ष 1998–99 तथा वर्ष 1999–2000 की बैलेन्स शीट ( तुलन पत्र) के सम्बन्ध में । | प्रस्ताव स्वीकार किया गया । बैलेंस शीट शैडयूल के अनुसार तैयार कर ली जाए तथा इसके विशिष्ट बिन्दुओं को कम्पयूटर द्वारा भी प्रदर्शित किया जाये। |
| मै0 पी0जैन एण्ड कम्पनी द्वारा दिसम्बर 2001 एवं मार्च 2002 त्रैमासान्त की प्रस्तुत मैनेजमेन्ट आडिट रिपोर्ट । | दिसम्बर 2001 एवं मार्च 2002 त्रैमासान्त की प्रस्तुत मैनेजमेंट आडिट रिपोर्ट का अवलोकन किया गया । आगामी बोर्ड बैठक में बैलेंस शीट एवं मैनेजमेंट आडिट रिपोर्ट के सम्बन्ध में कम्प्यूटर पर अद्यावधिक सूचना तैयार कर सी0डी0 बोर्ड बैठक के समक्ष प्रदर्शित की जाए । |
| 50 क्यूसेक गंगाजल योजना के अन्तंगत सी0डी0पी0 से आगे प्राधिकरण की योजनाओं में कराये जाने वाले कार्य सी0एण्ड एस0 यूनिट से कराये जाने के सम्बन्ध में । | प्रस्ताव स्वीकार किया गया। कार्य की गुणवत्ता, प्रगति बारचार्ट, दरों के जस्टीफिकेशन आदि की रिपोर्ट सी0डी0 पर तैयार कर ली जाये तथा अगली बोर्ड बैठक में इसका प्रजेन्टेंशन किया जाये। साथ ही कार्य की प्रगति का नियमित अनुश्रवण कर इसे उच्च अधिकारियों के समक्ष प्रतिमाह प्रस्तुत किया जाये। उक्त के सम्बन्ध में बोर्ड ने यह भी निर्देश दिये कि जल निगम तथा जल निगम की सी0डी0एस0 शाखा द्वारा नोएडा में जो कार्य 50 क्यूसेक योजना के अन्तर्गत कराया जा रहा है, उनकी दरों का भी अध्ययन करके वर्तमान दर से उनकी तुलना कर ली जाये तथा जल निगम शैडयूल और मार्केट रेट के आधार पर ऐसे आईटम्स जो मार्केट की दरों पर लिये जा रहे हैं, के मूल्यों का क्या आधार है, के सम्बन्ध में भी आख्या उपलब्ध करायी जाये। उपरोक्त तीनों बिन्दुओ पर आख्या बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत की जाये। |
| कौशाम्बी योजना में बहु मंजिले भवनों में | प्रस्ताव स्वीकार किया गया । फायर फाईटिंग |

| | |
|---|---|
| लिये जाने वाले सर्विस चार्ज के सम्बन्ध में। | सिस्टम के सम्बन्ध में नोएडा एवं दिल्ली फायर सविसेज से उपलब्धता हेतु भी प्रस्ताव प्राप्त कर लिए जाए । |
| इन्दिरापुरम आवासीय योजना के अभय खण्ड –3 में निर्मित एम0आई0जी0 ( एफ /एस ) व एम0आई0जी0 ( एफ/एस ) भवनों के विकय हेतु मूल्य निर्धारण के सम्बन्ध में । | प्रस्ताव स्वीकार किया गया, किन्तु इस तरह की अविकयित सम्पत्तियों के निस्तारण हेतु क्या सेलेबल मूल्यॉकन होगा एवं क्या क्या अन्य कदम उठाए जा सकते हैं, के लिए एक एक्सपर्ट कमेटी से सर्वे करा लिया जाए । इस सम्बन्ध में उ0प्र0आवास विकास परिषद से भी सहयोग प्राप्त किया जा सकता है तथा कमेटी की फाईडिंग्स आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाए । |
| मूल्यॉकन प्रकिया के परिवर्तन के कारण एक ही समय अन्तराल में आवंटित समान क्षेत्रफल एवं लोकेशन के भवनों के अन्तिम मूल्य में आ रहे अन्तर के समाधान हेतु प्रस्ताव । | प्रस्ताव आगामी बोर्ड बैठक हेतु स्थगित किया गया। |
| गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा प्रयोग की जाने वाली अनार्जित भूमि के सम्बन्ध में नीति निर्धारण हेतु प्रस्ताव । | प्रस्ताव के भाग ''ख'' काश्तकार की जमीन का अधिकतम 50 प्रतिशत ही काश्तकार को भूमि आवंटित की जा सकती है, न कि 56 प्रतिशत, के संशोधन के साथ प्रस्ताव स्वीकार किया गया । |
| गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा अधिग्रहीत ग्राम मकनपुर खसरा नं0– 282 परगना लोनी, तहसील व जिला गाजियाबाद के विकल्प में जमीन आवंटन करने की मॉग पर विचार सम्बन्धी । | प्रस्ताव आगामी बोर्ड बैठक हेतु स्थगित किया गया। |
| शास्त्रीनगर योजना में निर्मित 42 भवनों की तत्काल आवंटन योजना निकाले जाने के सम्बन्ध में । | प्रस्ताव स्वीकार किया गया । |
| लाजपतनगर एपार्टमेंट योजना के अन्तर्गत रिक्त भवनों की कीमत मय गैराज के दिनॉक 31–7–2001 के मूल्य पर विकय किये जाने के सम्बन्ध में । | प्रस्ताव स्वीकार किया गया । त्रुटिवश एजेन्डा की तालिका के कमांक –1 में ''भवनों का मूल्य मय गैराज दिनॉक 31–7–01 तक '' में मूल्यॉकन रू0 |

53
43

(43)

| | |
|---|---|
| इन्दिरापुरम आवासीय योजना के अभय खण्ड में अर्द्धनिर्मित के–होम टाईप भवनों के मोडयूल्स के निस्तारण के सम्बन्ध में । | इन्दिरापुरम आवासीय योजना के अभय खण्ड में अर्द्धनिर्मित के–होम टाईप भवनों के मोडयूल्स के निस्तारण हेतु प्राधिकरण के व्यवसायिक अनुभाग द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की गयी। कुछ मा0 सदस्यों द्वारा मोडयूल्स के आरक्षित मूल्याकंन में भूमि दर के ऊपर पृच्छा व्यक्त की गयी। इस सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता–व्यवसायिक द्वारा अवगत कराया गया कि मोडयूल्स के आरक्षित मूल्य में भूमि का मूल्य जनवरी–2002 का सैक्टर रेट लगाया गया है। बोर्ड ने यह आब्जर्व किया कि चूंकि अब सैक्टर रेट संशोधित हुआ है, अतः वर्तमान सैक्टर रेट पर भूमि के मूल्य का आंगणन कर इसकी कास्टिगं एनलाईजिज की जाये और आगामी बोर्ड बैठक के समय पुनः प्रस्तुत किया जाये। |
| प्राधिकरण की विभिन्न आवासीय योजनाओं में पार्क, ग्रीन वर्ज सैन्ट्रल वर्ज के विकास एवं रखरखाव हेतु विभिन्न संस्थानों को भूमि लाईसेन्स पर दिये जाने के सम्बन्ध में । | अगली बैठक तक के लिये स्थगित। |

अन्त में उपाध्यक्ष द्वारा सभी सदस्यगण का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समाप्त हुई।

3.12 17/12/2002

( [illegible]एन0ठाकुर )
सचिव
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
गाजियाबाद

( प्रशान्त त्रिवेदी )
उपाध्यक्ष
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
गाजियाबाद

अनुमोदित

( जी0गणेश )
अध्यक्ष
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
गाजियाबाद

54

मद संख्या : 12

**विषय : इन्दिरापुरम योजना के अन्तर्गत ग्राम मकनपुर की अधिग्रहित भूमि के खसरा नंबर 1080/2 की अनअर्जित भूमि के संबंध में।**

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा इन्दिरापुरम आवास योजना हेतु 1295 एकड़ भूमि का अधिग्रहण वर्ष 1988 में कराया गया था। इस अधिग्रहित भूमि में खसरा नंबर 1080/2 की 0–15–0 बीघा भूमि भी अधिग्रहीत की गई थी। परन्तु बाद में यह ज्ञात हुआ कि बन्दोवस्त में खसरा नंबर 1080/2 का रकवा 0–16–0 बीघा अंकित है जिसपर प्रार्थी द्वारा उपजिलाधिकारी गाजियाबाद के न्यायालय में वाद दायर कर उक्त गलती को दुरूस्त कराने हेतु एक प्रत्यावेदन दिया था जिसपर संबंधित न्यायालय द्वारा दिनांक 17.03.97 को एक बिस्वा भूमि भू–स्वामी के नाम अंकित किये जाने के आदेश पारित किये। उक्त आदेशों के क्रम में प्रार्थी द्वारा एक बिस्वा भूमि की मांग की जा रही है। उक्त भूमि प्राधिकरण द्वारा प्रयोग की जा चुकी है। अतः प्राधिकरण की बोर्ड बैठक दिनांक 30.11.02 मद संख्या 10 पर अनअर्जित भूमि के प्रयोग के संदर्भ में प्रस्ताव पर लिये गये निर्णय अनुसार भू–स्वामी को 50 प्रतिशत भूमि विकास शुल्क, लीजरेन्ट, फ्रीहोल्ड चार्ज लेते हुए भूमि आवंटन की जा सकती है।

अतः श्री ओंमकार सिंह पुत्र श्री सोनाथ सिंह के प्रार्थना पत्र पर विचारार्थ एवं निर्णयार्थ प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत है।

मद संख्या : 13

विषय : **शिरोमणि सहकारी आवास समिति लि0 की अनअर्जित भूमि के बदले भूमि दिये जाने के सम्बन्ध में।**

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा कौशाम्बी आवासीय योजना हेतु ग्राम हसनपुर भौवापुर की 217 एकड़ भूमि का अर्जन वर्ष 1984 में कराया गया था, उक्त भूमि का विधिवत अर्जन व कब्जा प्राप्त करके गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा योजना विकसित कर आवंटित की जा चुकी है। उक्त अर्जित भूमि के अन्तर्गत ग्राम हसनपुर भौवापुर, परगना लोनी, तहसील व जिला गाजियाबाद का खसरा संख्या 135 भी सम्मिलित था, खसरा नम्बर की स्थिति निम्न प्रकार है। खसरा नम्बर 135/2 रकवा 1–8–0 बीघा में से 0–8–0 बीघा तथा खसरा नम्बर 135/3 रकवा 0–2–0 बीघा का पूरा रकवा प्राधिकरण द्वारा अर्जित कर कौशाम्बी योजना के भूखण्ड विकसित कर निस्तारित किये जा चुके हैं। समिति के नाम दर्ज खसरा नम्बर 135/2 के शेष रकवे 1–0–0 बीघा में से 0–10–0 बीघा समिति ने किसी अन्य को विक्रय कर दिया है और यह भूमि भी लिंक रोड़ में उपयोग की जा चुकी है किन्तु इसके क्रेता द्वारा कोई क्लेम नहीं किया गया है गाजियाबाद शिरोमणि सहकारी आवास समिति लि0 के नाम इस खसरा नम्बर 135/2 का शेष 0–10–0 बीघा रकवा समिति के नाम अब भी राजस्व अभिलेखों में दर्ज है जिसका उपयोग प्राधिकरण द्वारा बिना अर्जित किये नाले, ग्रीन बैल्ट एवं मास्टर प्लान रोड़ में प्रयोग कर लिया गया है। उपजिलाधिकारी गाजियाबाद एवम् प्राधिकरण के कर्मचारियों की संयुक्त सीमाकंन रिर्पोट से इस तथ्य की पुष्टि होती है। समिति द्वारा बिना अर्जित किये गये खसरा 135/2 रकवा 0–10–0 जिसे प्राधिकरण द्वारा उपरोक्तानुसार प्रयोग कर लिया गया है के बदले समिति द्वारा भूमि दिये जाने की मांग की जा रही है। ऐसे प्रकरणों के संदर्भ में एक प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनांक 30.11.02 के मद संख्या 10 पर रखा गया था। जिस पर बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया कि **"प्रस्ताव के भाग 'ख' काश्तकार की जमीन का अधिकतम 50 प्रतिशत ही काश्तकार को भूमि आवंटन की जा सकती है।"** उपरोक्त बोर्ड निर्णय के क्रम में समिति की मांग के अनुसार समिति की अनअर्जित भूमि 0–9–8 बीघा अर्थात 1421.73 वर्गगज का 50 प्रतिशत भूमि क्षेत्रफल 710.86 वर्गगज नियमानुसार विकास व्यय एवं लीजरेन्ट, फ्रीहोल्ड चार्ज लेते हुए समिति की मांग पर विचार करने हेतु प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

OSD

56

मद संख्या 14

विषय : **गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा प्रयोग की जाने वाली ग्राम हरसाव के खसरा संख्या 506/2 की अनार्जित भूमि के बदले 50 प्रतिशत भूमि दिये जाने के सम्बन्ध में।**

राजस्व ग्राम हरसांव, परगना डासना, तहसील व जिला गाजियाबाद की भूमि का अधिग्रहण प्राधिकरण द्वारा 1988 में गोविन्दपुरम् योजना हेतु कराया गया था। भू–स्वामी श्री सुनील कुमार की उनकी स्थित ग्राम हरसांव के खसरा नंबर 506/2 क्षेत्रफल 0–2–0 बीघा भूमि बिना अर्जन किए प्राधिकरण द्वारा प्रयोग कर ली गई थी।

प्राधिकरण द्वारा कृषकों की अनअर्जित भूमि उपयोग कर लिये जाने के सम्बन्ध में एक प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनांक 30.11.02 के मद संख्या 10 पर प्रस्तुत किया गया था। उक्त बोर्ड बैठक में उक्त प्रस्ताव में निर्णय लिया गया कि प्रस्ताव के भाग 'ख' काश्तकार की जमीन का अधिकतम 50 प्रतिशत ही काश्तकार को भूमि आवंटन की जा सकती है। दिनांक 30.11.02 की बोर्ड बैठक के क्रम में आवंटी को दी जाने वाली भूमि पर वर्तमान दर से वाहय एवमं आन्तरिक विकास शुल्क, नियमानुसार लीजरेन्ट एवं फ्रीहोल्ड चार्ज लिया जाना प्रस्तावित था तथा इस आवंटित भूमि पर वह सभी नियम व शर्ते लागू होंगे जो सामान्य आवंटियों को होते हैं, तथा प्राधिकरण के बिल्डिंग बाईलाज लागू होंगे। प्राधिकरण को प्राप्त होने वाली भूमि पर पंजीकरण व्यय प्राधिकरण द्वारा तथा आवंटी को प्राप्त होने वाली भूमि पर पंजीकरण व्यय आवंटी द्वारा वहन किया जायेगा तथा पंजीकरण से पूर्व यदि आवंटी का कोई वाद किसी भी न्यायालय में विचाराधीन है तो वह वापस लेंगे।

भू–स्वामी श्री सुनील कुमार की भूमि गोविन्दपुरम योजना के अन्तर्गत पड़ती है। संबंधित भू–स्वामी की अनअर्जित भूमि 302.50 वर्गगज का 50 प्रतिशत 151.25 वर्गगज भूमि उपरोक्त शर्तों के अधीन उपलब्धता के अनुसार दिये जाने हेतु प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

57

मद संख्या :- 15

विषय : विशाल सहकारी आवास समिति को माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार शासनादेश दिनांक 2/6/98 व अन्य सुसंगत प्रभावी शासनादेश का लाभ देने के विषय में ।

प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनांक 24–9–05 में उपरोक्त विषयक प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष रखा गया था, जिसमें पांच सदस्यीय समिति द्वारा प्रकरण का पुनः बोर्ड के समक्ष रखने का निर्देश हुआ । उक्त समिति के एक सदस्य अपर जिलाधिकारी भू–अर्जन द्वारा प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी(एस) विशेष कार्याधिकारी–एच मुख्य अभियन्ता तथा मुख्य वास्तुविद एवं नगर नियोजक द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट से भिन्न मत व्यक्त करते हुए खसरा नं0–195 में बटे अंकित न होनें के तथ्य का उल्लेख किया । जो प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष रखी गयी, परन्तु कोई निर्णय नहीं हो सका । जिलाधिकारी गाजियाबाद से भी अर्जित भूमि का अभिनिर्णय घोषित कराये जाने का अनुरोध किया गया, जिससे यह स्पष्ट हो सके कि प्राधिकरण द्वारा किस भूमि का अर्जन कराया गया है । माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में प्राप्त प्रत्यावेदन पर उपाध्यक्ष द्वारा भी इस आशय का आदेश पारित किया गया कि अपर जिलाधिकारी भू–अर्जन द्वारा जो अभिनिर्णय घोषित किया जायेगा उसके आधार पर समिति की पात्रता को दृष्टिगत रखते हुए विचार किया जा सकता है । समिति द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत अवमानना याचिका उपाध्यक्ष द्वारा पारित आदेश से संतुष्ट होकर खण्डित हो चुकी है । अब पुनः एक याचिका प्रस्तुत की गयी है ।

विशाल सहकारी आवास समिति द्वारा माननीय उच्च न्यायालय में एक याचिका संख्या–37924/03 प्रस्तुत की थी जो दिनांक 1/3/05 को इस निर्देश के साथ निर्णित हुई कि "प्राधिकरण समिति को विधि के प्राविधानों के अनुसार शासनादेश दिनांक 2/6/98 व अन्य सुसंगत शासनादेश जो प्रभावी हों, के प्राविधानों के अनुसार समस्त तथ्यों के सत्यापन उपरान्त भूमि उपलब्ध कराने पर विचार करे" ।

शासनादेश दिनांक 2/6/98 एवं उक्त क्रम में प्राप्त अन्य शासनादेश जो वर्तमान में प्रभावी है, के अनुसार यदि सहकारी आवास समिति द्वारा भूमि अर्जन के धारा–4 की अधिसूचना जारी होने की तिथि से 18 माह पूर्व क्रय की गयी है तो उन्हें क्रय की गयी भूमि की 50 प्रतिशत भूमि समायोजित कर दी जाय ।

राजस्व ग्राम मिर्जापुर के खसरा नम्बर 195 का कुल क्षेत्रफल 118–7–0 बीघा है जिसमें से 10–15–0 बीघा भूमि का अर्जन दिनांक 13/1/69 को कराकर

16/8/72 को कब्जा प्राप्त किया जा चुका है । इसी खसरा नम्बर का 50–1–0 बीघा भूमि के अर्जन की धारा–4 की अधिसूचना दिनांक 11/6/86 को जारी हुई तथा धारा–6/17 के अन्तर्गत अधिसूचना 16/6/86 को जारी हुई । इसी समय विशाल सहकारी आवास समिति द्वारा उक्त अधिसूचनाओं के विषय में याचिका संख्या–5996/86 विशाल सहकारी आवास समिति बनाम सरकार प्रस्तुत कर बेदखली के विषय में स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया था जो दिनांक 9/5/01 को खण्डित हुआ तथा प्राधिकरण को दिनांक 6/2/03 को 50–1–0 बीघा भूमि का कब्जा प्राप्त हुआ ।

विशाल सहकारी आवास समिति द्वारा 16/10/01 को शासनादेश दिनांक 2/6/98 एवं अन्य प्रभावी शासनादेश के सन्दर्भ में प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया जिस क्रम में दिनांक 7/11/01 व 7/3/02 को अनुस्मारक भेजे गये । उक्त प्रत्यावेदन में समिति द्वारा प्राधिकरण द्वारा अर्जित 50–1–0 बीघा भूमि में से 17–4–9 बीघा भूमि समायोजन कर मानचित्र स्वीकृत कराने का अनुरोध किया जो प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत नहीं किया गया और समिति ने न्यायालय में उपरोक्त सन्दर्भित याचिका प्रस्तुत की जिसमें माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 1/3/05 के सन्दर्भ में 7/3/05 को प्राधिकरण में प्रत्यावेदन प्राप्त हुआ । प्राधिकरण द्वारा 21/4/05 व 7/5/05 को समिति को पत्र लिखकर सन्दर्भित भूमि के विक्रय विलेख की प्रमाणित प्रति एवं अन्य सुसंगत दस्तावेज भूमि के सीमांकन के विषय में प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जिसके सत्यापन के विषय में समिति द्वारा क्रय की गयी भूमि के विक्रय विलेख प्राधिकरण में प्रस्तुत किये जो बटों में हैं जबकि शिजरा प्लान पर खसरा नम्बर 195 के बटे नहीं बने हुए हैं, इसके साथ–साथ समिति द्वारा अपना क्लेम 17–4–9 बीघा से बढ़ाकर 49 बीघा में परिवर्तित कर लिया गया है ।

खसरा नम्बर 195 के कुल क्षेत्रफल 118–7–0 बीघा भूमि में से सार्वजनिक निमार्ण विभाग द्वारा एन0एच0–24 के लिए भूमि अधिग्रहीत की गयी है परन्तु वह अर्जन शासनादेश दि0 2/6/98 के अनुसार धारा–4 की अधिसूचना से 18 माह पूर्व से काफी पहले किया गया था । प्राधिकरण के अर्जन के पश्चात आवास विकास परिषद द्वारा भी खसरा नम्बर 195 में अर्जन किया गया है । खसरा नम्बर 195 का कुछ भाग महाराजी एजूकेशनल ट्रस्ट के पास है तथा लगभग 10 बीघा भूमि पर अनाधिकृत कब्जा भी है ।

माननीय उच्च न्यायालय के आदेश को दृष्टिगत रखते हुए प्रभावी शासनादेश के अनुसार जो भूमि धारा–4 भू–अर्जन अधिनियम की अधिसूचना से 18 माह पूर्व क्रय की गयी है उसके समायोजन का लाभ दिये जाने हेतु समिति द्वारा प्रत्यावेदन किया गया है । माननीय उच्च न्यायालय का आदेश व समिति का प्रत्यावेदन प्रस्ताव के साथ संलग्न है । समिति द्वारा भिन्न–भिन्न समय पर दिये गये प्रत्यावेदन में भिन्न–भिन्न

क्षेत्रफल के विषय में क्लेम किया है तथा शिजरा प्लान पर बटे न होने के कारण समिति द्वारा प्रस्तुत विक्रय पत्रों का यह सत्यापन नहीं हो पा रहा है कि वह प्राधिकरण द्वारा अर्जित भाग में पड़ते हैं अथवा आवास विकास व अन्य किसी के कब्जे में हैं । सैद्धान्तिक रूप से शासनादेश के अनुसार समिति की अर्जित की गयी भूमि जो उसने अधिनियम की धारा–4 की अधिसूचना से 18 माह पूर्व क्रय की है, उक्त भूमि का अपर जिलाधिकारी (भू–अर्जन) द्वारा दिये जाने वाले अभिनिर्णय के आधार पर समिति की अधिकार क्षेत्र वाली भूमि की 50 प्रतिशत भूमि समायोजित किये जाने का प्रस्ताव पूर्व में रखा गया था समिति का प्रत्यावेदन दिनांक 6–12–06 पर पुनः विचार हेतु प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत है । ।

मद सं0 16

विषयः—भवन सं0 ए0के0—1/38 एच0आई0जी0 डुप्लैक्स इन्दिरापुरम आवंटी की जमा धनराशि पर ब्याज की देयता के सम्बन्ध में ।

---

इन्दिरापुरम फेस—2 एच0आई0जी0 सिंगल स्टोरी योजना कोड—562—12ए में एस रामाकृष्नन ने 59,620/— रू0 जमा कर आवेदन किया था । दिनांक 15 दिसम्बर 1989 को आरक्षण पत्र जारी हुआ जिसके अनुसार 5,96,000/— रूपये भवन का अनुमानित मूल्य था । जो आरक्षण राशि 59,600/— रूपये दिनांक 14—1—90 के साथ छमाही किस्तों में जमा किये जाने थे । प्रत्येक किस्त 9,467/— की थी। दिनांक 25.1.92 को श्री रामा कृष्नन को एक पत्र किस्तें जमा करने हेतु जारी हुआ। श्री एस0 रामाकृष्नन द्वारा प्रत्यावेदन प्रस्तुत कर भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण होने एवं प्रगति के विषय में जानकारी चाही गयी तथा उसके पश्चात धनराशि की व्यवस्था कर किस्तें जमा करने की सूचना दी । श्रीमति रामा कृष्नन द्वारा प्रेषित विवरण के अनुसार 4,54,514/— रूपये जमा किये गये जिसके अनुसार 59,620/— रूपये पंजीकरण राशि दिनांक 16—10—89 को 59,600/— रूपये आरक्षण राशि दिनांक 15—1—90 को , 1,59,294/— रूपये 4—8—92 को व 1,76,000/— रूपये 4—8—93 को जमा किये गये । प्रेषित पत्र के अनुसार उक्त धनराशि एच0डी0एफ0सी0 बैंक से ऋण प्राप्त कर अदा की गयी है। प्राधिकरण रिकार्ड के अनुसार 10—2—97 में समाचार पत्र में सूचना प्रकाशित कर आवंटन निरस्त कर श्री सम्यपाल सिंह को आवंटित किया जा चुका है और उन्होने विकय विलेख निष्पादित कराकर भवन का कब्जा भी प्राप्त कर लिया है । श्री एस0 रामाकृष्नन द्वारा प्रत्यावेदन किये जाने पर जमा धनराशि वर्ष 2000 में प्राधिरकरण द्वारा वापिस की गयी है । श्री रामाकृष्नन की ओर से उनके मुख्त्यारेआम उनकी पत्नि श्रीमति एस0 रामाकृष्नन द्वारा निरस्तीकरण आदेश को अव्यवहारिक व बिना किसी सूचना के बताते हुए प्राधिकरण के पास जमा रही धनराशि पर उक्त अवधि का विभिन्न न्यायालयों द्वारा पारित निर्णयों को उल्लेख करते हुए ब्याज की मांग की है। श्रीमति रामा कृष्नन का संलग्न प्रत्यावेदन दिनांक 11—8—06 विचारार्थ बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत है ।

17 61

मद संख्याः
विषय :– **वैशाली योजना के सैक्टर–4 स्थित भागीरथी, झेलम, यमुना, कृष्णा टावरों के रिजर्व प्राइज आरक्षित करने हेतु ।**

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा वर्ष 1989–1993 की अवधि में विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न बहुमंजिले भवन बनाये गये थे जो गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा लगातार विक्रय का प्रयास किये जाने के बाद भी अनिस्तारित पडे हुए थे । इनके विक्रय हेतु पहले अभियंत्रण खण्ड स्तर पर विक्रय करने हेतु प्रयास किया गया परन्तु सफलता नही मिली। उसके बाद व्यवसायिक अनुभाग द्वारा विभिन्न तिथियों को समाचार पत्रों में विज्ञापन आदि करते हुए नीलामी का प्रयास किया गया जिसमें कुछ टावरों का विक्रय किये जाने में सफलता नही मिली इसके उपरान्त इनका मूल्यॉकन निर्धारित किये जाने हेतु प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनॉक 24–9–2005 के मद संख्याः 6 पर प्रस्ताव रखा गया था जिसमें प्राधिकरण बोर्ड द्वारा एक कमेटी का गठन किया गया एवं कमेटी के द्वारा संस्तुत मूल्यॉकन के आधार पर प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनॉक 17–11–2005 के मद संख्याः–16 पर हुए निर्णय अनुसार आरक्षित मूल्यॉकन पर नीलामी की जा चुकी है निस्तारित की गयी सम्पत्ति का विवरण निम्न प्रकार हैः–

| क्र0सं0 | सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | नीलामी में प्राप्त उच्चतम मूल्य | नीलामी दिनॉक |
|---|---|---|---|---|
| 01. | वैशाली योजना स्थित 15 मंजिल आवासीय टावर | 3608.21 | 3627.00 | 27–12–2005 |
| 02. | वैशाली योजना में निर्मित 7 मंजिल गंगा टावर | 1225.02 | 1240.00 | 27–12–2005 |
| 03. | वैशाली योजना में निर्मित 10 मंजिल ब्रहपुत्र टावर | 1025.92 | 1045.00 | 27–12–2005 |
| 04. | वैशाली योजना में निर्मित 10 मंजिल गोदावरी टावर | 887.41 | 905.00 | 27–12–2005 |
| 05. | वैशाली योजना में आयकर भवन के पीछे अर्द्व निर्मित कामर्शियल काम्पलैक्स | 1424.63 | 1440.00 | 24–01–2006 |
| 06. | गोविन्दपुरम जी0 ब्लाक में अर्द्वनिर्मित कामर्शियल कामपलैक्स | 438.93 | 453.00 | 28–12–2005 |
| 07. | गोविन्दपुरम आई0 ब्लाक में अर्द्व निर्मित कामर्शियल कामपलैक्स | 245.25 | 255.00 | 28–12–2005 |
| 08. | गोविन्दपुरम ई0 ब्लाक स्थित के0 होम टाइप ई0डब्लू0एस0 भवनों का मॉडयूल | 2244.16 | 2291.00 | 28–12–2005 |
| 09. | कौशाम्बी योजना में स्थित भूखण्ड संख्याः–9 पर निर्मित कामर्शियल | 430.61 | 530.00 | 25–04–2006 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | काम्पलैक्स | | | |
| 10. | कौशाम्बी योजना में स्थित भूखण्ड संख्याः 21 पर निर्मित कामर्शियल कामपलैक्स | 570.78 | 585.00 | 25–04–2006 |
| 11. | संजयनगर डिस्ट्रिक सैन्टर कामर्शियल कामपलैक्स | 1347.57 | 1385.00 | 30–06–06 |
| 12. | जी0टी0 रोड पर स्थित नेहरू विकास मीनार कामर्शियल काम्पलैक्स | 9635.39 | 10,000.00 | 12–07–06 |

उपरोक्तानुसार गोदावरी (तीन कमरे के भवन )एवं ब्रहमपुत्र(दो कमरे के भवन) टावरों का कवर्ड क्षेत्रफल क्रमशः 3862.88 एवं 4183.39 वर्ग मीटर है जो यमुना व कृष्णा (तीन कमरे के भवन)तथा भागीरथी व झेलम (दो कमरे के भवन)टावरों के कवर्ड क्षेत्रफल के समान है । यमुना, कृष्णा, भागीरथी व झेलम टावरों का मूल्यॉकन न तो हडको से कराया गया है और न ही वर्तमान में मूल्यॉकन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित किया गया है । प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनॉक 21–3–2005 के मद संख्या 43 पर यह निर्णय लिया गया था कि एक ही योजना के एक ही श्रेणी में पिछली नीलामी में प्राप्त अधिकतम बोली को ही नीलामी हेतु आरक्षित मूल्य मान लिया जाये जिसके अनुसार यमुना, कृष्णा भागीरथी व झेलम, का कुल मूल्य रू0 39,00.00 लाख होना चाहिए। यह नीलामी दिनॉक 27–12–2005 को हुई थी जिसके पश्चात एक वर्ष का 18 प्रतिशत ब्याज जोडने पर इनका मूल्यॉकन रू0 4602.00 लाख होता है। प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनॉक 20–7–2006 के मद सख्याः–11 पर हुए निर्णय अनुसार उक्त टावर के आवंटियों को मंदाकनी एवं अलकनन्दा टावर में समायोजित करने एवं इन टावरों पर विकास कार्य पूर्ण कराने हेतु व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु रू0 180.000 लाख भी जोडे जाने है । तदानुसार यमुना, कृष्णा, भागीरथी व झेलम का आरक्षित मूल्य रू0 4782.00 लाख होता है

उक्त टावरों की नीलामी हेतु दिनॉक 27–12–06 की तिथि निर्धारित करते हुए विज्ञापन जारी किया जा चुका है। पूर्व में बिल्डिंग तोडकर पुनः बनाये जाने पर अथवा एक्जसटिंग आच्छादित क्षेत्रफल पर 33 प्रतिशत प्रचेजेबल एफ0ए0आर0 देने का प्राविधान किया गया था जिसका क्रय योग्य एफ0ए0आर0 शुल्क पूर्व आरक्षित मूल्य में ही सम्मिलित था। पूर्व के विक्रित टावरों को एक वर्ष का समय व्यतीत हो चुका है, परन्तु नीलामी में व्यापक प्रचार–प्रसार करने उपरान्त प्रतिस्पर्धाक वर्तमान मूल्य प्राप्त हो सकेगा। अतः प्राधिकरण की बोर्ड बैठक दिनॉक 21–3–2005 के मद संख्याः 43 पर लिये गये निर्णय के अनुसार नीलामी में उसी श्रेणी के प्राप्त मूल्य क्रमशः रू0 905.00 लाख, 905.00 लाख, रू01,045.00 लाख व रू01,045.00 तथा विकास कार्य हेतु व्यय हेतु रू0 180.00 लाख के कुल योग रू0 4080.00 आरक्षित मूल्य निर्धारण के साथ बिल्डिंग तोडकर पुनः बनाये जाने की दशा में अथवा एक्जसटिग आच्छादित क्षेत्रफल पर सुरक्षा सुनिशचित होने पर प्रचेजेबल एफ0ए0आर0 33 प्रतिशत नियमानुसार अनुमन्ययता के प्राविधान सहित उक्त चारों टावरों को नीलामी किये जाने का प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

63

मद संख्याः 18

विषयः– वैशाली योजना में रिक्त दुकान/क्योस्क को पूर्व में आरक्षित आवंटियों को दिये जाने के संबंध में।

वैशाली के विभिन्न सैक्टरों में प्राधिकरण द्वारा क्योस्क एवं दुकानों का निर्माण किया गया था एवं आवंटन की कार्यवाही तत्समय वर्ष 1993–94 में की गयी थी । वर्ष 1994–2001 तक की गयी कार्यवाही का विवरण निम्न प्रकार हैः–

| क्र0सं0 | सै0 संख्याः | निर्मित दुकाने एवं क्योस्क की सं0 | आवंटित दुकानों/क्योस्को की सख्याः | नीलामी द्वारा विक्रय/क्योस्क की संख्या | नीलामी के द्वारा प्राप्त मूल्य एवं वर्ष | अवशेष दुकाने एवं क्योस्कों की संख्याः |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 26दुकाने 4क्योस्क | दुकाने 9 क्योस्क 2 | 1 दुकान | 7,95,000.00 वर्ष 2004 | 16 दुकान 2 क्योस्क |
| 2. | 3 | 16दुकाने 2क्योस्क | दुकाने 8 | 1 दुकान | 8,51,885.00 वर्ष 2004 | 7 दुकान 2 क्योस्क |
| 3. | 4 | 50 क्योस्क | 50 क्योस्क | —— | —— | —— |
| 4. | 5 | 32दुकान | 32 दुकान | —— | —— | ——— |
| | | 130 दुकान/क्योस्क | 101 दुकान/क्योस्क | 2 दुकान | —— | 27 दुकान/क्योस्क |

योजना के आधार पर आरक्षण कराने वाले आवेदकों मे से 26 आवेदकों द्वारा अभी तक अपनी धनराशि वापिस नही ली गयी है अन्य आवेदकों द्वारा 5 प्रतिशत ब्याज के साथ अपनी धनराशि वापिस ले ली गयी है । तत्समय दुकान का अनुमानित मूल्य रू0 1,30,000.00 एवं क्योस्क का मूल्य रू0 45000.00 अनुमानित निर्धारित किया गया। इनमें से दो दुकानों नं0–2 सैक्टर एक एवं दुकान नं0–2 सैक्टर–3 की नीलामी वर्ष 2000 में की गयी जिसमें प्राधिकरण को क्रमशः रू07,95,000.00 एवं रू0 8,51,885.00 का विक्रय मूल्य प्राप्त हुआ। अब इन 26 आरक्षणकर्ताओं द्वारा अपनी निर्धारित मूल्य पर क्योस्क आवंटित किये जाने का लगातार अनुरोध किया जा रहा है जबकि वर्तमान में सैक्टर–1 में 16 दुकान एवं दो क्योस्क सैक्टर दो में 9 दुकाने एवं 2 क्योस्क कुल 23 दुकान एवं 4 क्योस्क आवंटन हेतु रिक्त है जिसमें से इन 23 दुकानों को सम्मिलित करते हुए प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में रिक्त सभी दुकानों को एकत्रित करके इनको नीलामी में रखा जा चुका है। अवशेष 4 क्योस्क हेतु क्योस्क संख्याः के0–2 व के0–3 के लिए वर्तमान मूल्यॉकन रू0 7,74,033.00 एवं के0–3 व के0–4 के लिए रू0 5,21,817.00 है। बढे हुए मूल्य पर इन आरक्षणकर्ताओं की सहमति प्राप्त होने पर इनके बीच उक्त 4 क्योस्कों का आवंटन लाटरी द्वारा किये जाने एवं असफल आरक्षणकर्ताओं की धनराशि नियमानुसार ब्याज सहित वापिस किये जाने हेतु प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

16/12/16

मद संख्याः 19

विषयः—भूखण्ड संख्याः ए0—1,ए0—2,ए0—3,ए0—4 आर0डी0सी0 के एफ0ए0आर0 एवं ग्राउन्ड कवरेज हेतु।

---

प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनॉक 20—7—2006 के मद संख्याः 7 के अनुसार यह निर्णय लिया गया था कि भूखण्ड संख्याः ए0—7 से ए0—11 तक भूखण्डों को जोडकर मल्टीप्लैक्स हेतु एफ0ए0आर0 300 ग्राउन्ड कवरेज 100 प्रतिशत एवं बेसमेंट में पार्किंग रखे जाने हेतु की सुविधा के साथ नीलामी की जाये । तदानुसार उपरोक्त भूखण्ड की नीलामी दिनॉक 29—8—2006 को की गयी जिसमें बोली रू0 40,700 की रिजर्व प्राइज से प्रारम्भ होकर नीलामी की उच्चतम बोली रू0 1,06,700.00 प्रति वर्ग मीटर की प्राप्त हुई थी। प्राधिकरण की इतनी अधिक मूल्य प्राप्त होने की सफलता को देखते हुए प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनॉक 13—9—2006 के मद संख्याः—8 पर यह निर्णय लिया गया था कि पूर्व में विक्रित आर0डी0सी0 के भूखण्ड सं0 ए0—4 के बदले ए0—5 देते हुए भूखण्ड संख्या ए0—1 से ए0—4 को एमलगमेट करके मल्टीप्लैक्स हेतु नीलामी की जाये । पूर्व में की गयी नीलामी में एफ0ए0आर0 300 एवं ग्राउन्ड कवरेज 100 प्रतिशत बेसमेंट पार्किंग प्राविधानित था। आर0डी0सी0 में ए0—1 से ए0—4 के भूखण्डों में कन्ट्रोल डिजाइन के अनुसार एफ0ए0 आर0 3.25 से 5.25 एवं ग्राउन्ड कवरेज 75 प्रतिशत अनुमन्य है जबकि मल्टीप्लैक्स हेतु पूर्व में नीलामी एफ0ए0आर0 300 ग्राउन्ड कवरेज 100 प्रतिशत एवं बेसमेंट में पार्किंग के साथ की जा चुकी है। अतः मल्टीप्लैक्स हेतु पूर्व में नीलामी को देखते हुए भूखण्ड संख्याः ए0—1 से ए0—4 हेतु 300 एफ0ए0आर0 एवं बेसमेंट में पार्किंग के साथ अधिकतम 100 प्रतिशत ग्राउन्ड कवरेज की अनुमन्यता के साथ निर्धारित सेटबैक छोड़ते हुए पूर्व में प्राप्त मूल्य रू0 1,06,700.00 प्रति वर्ग मीटर आरक्षित मूल्य पर नीलामी किये जाने का प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्या : 20

विषय : प्राधिकरण द्वारा विकसित कालोनियों के चौराहों एवं सेन्ट्रल वर्ज को सौन्दर्यीकरण हेतु विभिन्न कम्पनियों को दिये जाने के सम्बन्ध में ।

---

बढ़ती हुई जनसंख्या के कारण नगर के लगभग सभी मार्गो पर यातायात का दबाव दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है । चौराहों एवं मार्गो का सुव्यवस्थीकरण न हो लाने के कारण ठेला रड़ी आदि खड़े रहते हैं, जिससे अन्य वाहनों को मार्गो एवं चौराहों पर अत्यधिक रुकावटों का सामना करना पड़ता है । वैसे भी गाजियाबाद से दिल्ली आने वाले वाहनो की भारी संख्या है जो आने वाले कौमन वैल्थ गेम्स में और भी अधिक बढ़ेगी । अतः उपरोक्त को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य मार्गो के चौराहों तथा सैन्ट्रल वर्ज को रख–रखाव हेतु किसी भी आवेदनकर्ता कम्पनी को दिया जा सकता है, जिसकी विस्तृत नियम व शर्ते बाद में तय की जा सकती हैं । मुख्य शर्त यह होगी कि विकासकर्ता कम्पनी यदि किसी चौराहे या सेन्ट्रल वर्ज को सौन्दर्यीकृत करने तथा उसका रख–रखाव करने की जिम्मेदारी लेती है तो स्थल पर कम्पनी का कोई भी अधिकार नहीं होगा । कम्पनी अपने उत्पाद आदि से सम्बन्धित विज्ञापन प्राधिकरण द्वारा निर्धारित साईज के अनुसार ही लगा सकेगी । तथा किसी भी दशा में ऐसा कोई विज्ञापन नहीं लगायेगी जिससे मार्ग में अवरोध अथवा वाहन चालकों को मार्ग देखने में अवरोध हो । प्राधिकरण उक्त अनुबन्ध को एक वर्ष के पश्चात कभी भी निरस्त कर सकता है । यह व्यवस्था केवल प्राधिकरण द्वारा विकसित/ निर्मित कालोनियों में ही लागू किये जाने का प्रस्ताव है ।

अतः उपरोक्तानुक्रम में चौराहो एवं सेन्ट्रल वर्ज को किसी भी आवेदनकर्ता कम्पनी को सौन्दर्यीकरण एवं रख–रखाव हेतु दिये जाने के सम्बन्ध में प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है ।

मद संख्या : 21

विषय : गाजियाबाद महायोजना 2021 में संस्थागत/कृषि भू-उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य क्रियाओं में निर्मित/प्रस्तावित शिक्षण संस्थाओं से विकास शुल्क निर्मित क्षेत्र के आधार पर लिये जाने के संबंध में।

गाजियाबाद विकास क्षेत्र की सीमा के अन्तर्गत लगभग 20 शिक्षण संस्थायें बनी हुई है और चल रही है। गाजियाबाद महायोजना 2021 में इनका भू-उपयोग संस्थागत, संस्थागत हरित क्षेत्र एवं कृषि है। गाजियाबाद भवन निर्माण एवं विकास उपविधि 2000 के अनुसार संस्थागत क्षेत्र में भू आच्छादन 30 प्रतिशत एवं F.A.R. 1.0 एवं बोर्ड बैठक में निर्णयानुसार कृषि क्षेत्र में भू आच्छादन 10 प्रतिशत एवं F.A.R. 0.15 अनुमन्य है। वर्तमान में कुछ शिक्षण संस्थायें जो भू-उपयोग के अनुसार नियमों की अनुमन्य सीमान्तर्गत है जिन पर स्वीकृति/शमन पर विचार किये जाने की कार्यवाही प्रगति पर है।

उपरोक्त के कम में अवगत कराना है कि प्राधिकरण की बोर्ड बैठक दिनांक 13.09.06 को गाजियाबाद महायोजना 2021 में विशेष अनुमति से अनुमन्य कियाओं/उपयोगों की अनुमति के अन्तर्गत सुन्दरदीप एजूकेशनल सोसायटी, ग्राम डासना की भूमि पर निर्मित/प्रस्तावित इंजीनियरिंग कालेज के संबंध में प्रस्ताव स्वीकृत किया गया तथा यह भी निर्देश दिए गए कि मानचित्र स्वीकृत करते समय संस्था से प्रभाव (Impact) शुल्क एवं पूरे भूखण्ड पर विकास शुल्क लिया जाये।

शासनादेश संख्या 2944/9-अनुभाग-3-98-32एल.यू.सी./96 दिनांक 17.09.1998 एवं शासनादेश संख्या 4108/9-आ-3-2001-28एल.यू.सी./99 दिनांक 26.12.2001 द्वारा निजी क्षेत्र में इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज तथा डेन्टल कालेज की स्थापना हेतु मानक सिद्धान्त एवं स्कूल/शिक्षण संस्थाओं से भूखण्ड के क्षेत्रफल के बजाय निर्मित क्षेत्र के आधार पर विकास शुल्क लिए जाने की व्यवस्था की गयी है।

बोर्ड बैठक दिनांक 18.11.2006 में उक्त के संबंध में जानकारी देते हुए शासनादेश में दी गयी व्यवस्था के अधीन विकास शुल्क लिए जाने की स्वीकृति प्रदान करने तथा उस सीमा तक पूर्व बैठक दिनांक 13.09.2006 के मद संख्या 14 में लिये गये निर्णय को संशोधित करने का अनुरोध किया गया। जिस पर बोर्ड द्वारा निर्णय हेतु अगामी बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखे जाने के निर्देश दिये।

शासनादेशों के कम में स्कूल/शिक्षण संस्थाओं से भूखण्ड के क्षेत्रफल के बजाय निर्मित क्षेत्र के आधार पर विकास शुल्क लिये जाने हेतु प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

JE

मद सं0 22

विषयः–ग्राम प्रहलाद गढी के खसरा सं0 332/1, 332/2, 332/3 को वैशाली योजना के सैटर–9 के ले–आउट में दर्शायी भूमि को ले–आउट से बाहर किये जाने एवं प्रस्तुत मानचित्र पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में ।

---

ग्राम प्रहलाद गढी के खसरा सं0 332/1, 332/2, 332/3 के उक्त भू–भाग को वैशाली योजना के सैक्टर–9 के ले–आडट से बाहर किये जाने तथा मानचित्र पर कार्यवाही किये जाने हेतु प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनांक 18.11.06 के मद सं0–28 पर प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था । प्राधिकरण बोर्ड द्वारा प्रस्ताव को इस शर्त के साथ स्वीकार किया गया था कि पार्क की भूमि पक्ष द्वारा प्राधिकरण को निशुल्क हस्तान्तरित करनी होगी जिसके बदले उन्हे अनुमन्य कम्पनसेटरी एफ0ए0आर0 दिया जायेगा ।

उपरोक्त संदर्भ में प्राधिकरण द्वारा परीक्षध्ण किया गया तथा पाया गया कि ले–आडट में दर्शित पार्क लगभग 900 वर्ग मी0 क्षेत्रफलान्तर्गत है तथा पक्ष द्वारा पार्क हेतु छोछा गया 1025 वर्ग मी0 ( कुल क्षेत्रफल का 15 प्रतिशत ) पूर्व निर्धारित क्षेत्रफल से अधिक है अतः यह पार्क के रूप में सीधे मुख्य मार्ग से पहुँच रखते हुए जन सामान्य हेतु रखा जाना प्रस्तावित है तथा इस पर कोई एफ0ए0आर0 अनुमन्य नही होगा ।

उपरोक्त सन्दर्भ में यह भी उल्लेखनीय है कि गाजियाबाद महायोजना– 2021 में स्थल का भू–उपयोग सामुदायिक सुविधाएं दर्शित था प्राधिकरण द्वारा भूमि का कब्जा प्राप्त नही होने के कारण स्थल का भू–उपयोग परिवर्तन नही कराया जा सकता था । प्राधिकरण द्वारा अर्जित भूमि का भू–उपयोग आवासीय में तत्समय परिवर्तित करा लिया गया था । प्रश्नगत भूमि का भू–उपयोग गाजियाबाद महायोजना–2021 में आवासीय ( मध्यम घनत्व ) निर्दिष्ट है । अतः ग्रुप हाउसिंग का निर्माण अनुमन्य क्रियाओं के अन्तर्गत है।

उपरोक्त स्थिति में ग्राम प्रहलाद गढी के खसरा सं0 332/1, 332/2, 332/3 पर 1025 वर्ग मी0 का पार्क छुडवाते हुए इसे सीधे जनसामान्य हेतु उपलब्ध किये जाने तथा इस पर किसी प्रकार का एफ0ए0आर0 अनुमन्य नही किये जाने की शर्त के साथ मानचित्र पर कार्यवाही पर विचार करने हेतु प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है ।

23

मद संख्या–

विषय : **प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनांक 30/11/02 के मद संख्या–10 पर लिये गये नीति विषयक निर्णय एवं प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनांक 13/9/06 के मद संख्या–11 पर लिये गये निर्णय के सन्दर्भ में ।**

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनांक 7/6/2002 में निर्णय लिया गया था जिन काश्तकारों की भूमि प्राधिकरण द्वारा बिना अर्जित किये अपनी योजनाओं में उपयोग की जा चुकी है अथवा भूमि अर्जित है परन्तु प्राधिकरण द्वारा प्रयोग नहीं की गयी है एवं स्थल पर खाली है एवं नियोजन की आवश्यकता है, उक्त सन्दर्भ में प्रस्ताव में सन्दर्भित बिन्दुओं के आधार पर कुल उपयोग की गयी भूमि का 50 प्रतिशत भूमि आवंटित कर एवं आवंटित की गयी भूमि के वर्तमान दर पर वाह्य एवं विकास शुल्क लेते हुए एवं नियमानुसार लीज किराया एवं फ्रीहोल्ड शुल्क अदा कर विक्रय विलेख निष्पादित कराये जाने का प्राविधान है ।

प्राधिकरण बैठक दिनांक 13/9/06 में मद संख्या–11 पर लिये गये निर्णय के अनुसार इसी प्रकार के प्रकरण जिनमें न्यायालय में वाद विचाराधीन है परन्तु अर्जन प्रक्रिया के अन्तर्गत प्राधिकरण भूमि का कब्जा प्राप्त कर चुका है । दीवानी न्यायालय के निर्णय के अनुसार प्राधिकरण भूमि का उपयोग नहीं कर पा रहा है परन्तु कब्जा प्राप्त हो जाने के कारण स्वामित्व प्राधिकरण में निहित हो चुका है । ऐसे प्रकरण में प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनांक 13/9/06 के अनुसार भू–स्वामियों की भूमि जिसका न्यायालय में वाद विचाराधीन है, 50 प्रतिशत भूमि वर्तमान सेक्टर दर पर आवंटित किये जाने का निर्णय लिया गया था जिसकी अवशेष 50 प्रतिशत भूमि प्राधिकरण को प्राप्त होगी । ऐसे प्रकरणों में भू–स्वामी को प्रतिकर प्राप्त होने का भी उल्लेख किया गया है परन्तु विकास शुल्क के विषय में स्पष्ट निर्देश नहीं है ।

उक्त दोनों प्रकरणों में स्थिति स्पष्ट करते हुए प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत है । यदि भू–स्वामी को उसकी उपयोग की गयी भूमि के 50 प्रतिशत भूमि के बदले भूमि आवंटित की जाती है तो आवंटी वाह्य एवं आन्तरिक विकास शुल्क, लीज किराया व फ्रीहोल्ड शुल्क अदा कर रजिस्ट्री करानी होती है और वह आवंटित की गयी भूमि का प्रतिकर प्राप्त करने का हकदार नहीं है । दूसरे प्रकरण में यदि न्यायालय में वाद विचाराधीन होने के कारण स्वामित्व वाली न्यायालय में वाद विचाराधीन होने की स्थिति में 50 प्रतिशत भूमि निर्णय की तिथि पर सेक्टर दर पर आवंटित की जाती है उक्त स्थिति में वह मात्र लीज किराया व फ्रीहोल्ड शुल्क अदा कर रजिस्ट्री कराकर स्वामित्व प्राप्त करेगा तथा नियमानुसार प्रतिकर प्राप्त कर सकेगा । इस स्थिति में भू–स्वामी को आन्तरिक व वाह्य विकास शुल्क अदा नहीं करना होगा परन्तु यदि कोई आन्तरिक विकास आवंटित भूमि पर भू–स्वामी द्वारा किया जाता है, वह स्वयं अपने खर्चे से करेगा ।।

अतः अवलोकनार्थ प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत है ।

मद संख्या : 24

विषय : राजनगर डिस्ट्रिक सेन्टर के तलपट मानचित्र के आंशिक संशोधन के सम्बन्ध में ।

प्राधिकरण की बोर्ड बैठक दिनांक 13–9–2006 के मद सं0–8 पर यह निर्णय लिया गया था कि ए–1 से ए–4 तक के भूखण्डों को एलाटमेन्ट करते हुए बड़े व्यवसायिक भूखण्ड की नीलामी की जाये, जो मल्टीफ्लैक्स हेतु भी उपयुक्त हो, परन्तु चूंकि ए–4 पूर्व मे विक्रय भूखण्ड है एवं ए–5 खाली भूखण्ड है, इसलिये ए–4 को ए–5 में उनकी सहमति के आधार पर स्थानान्तरित कर दिया जाये । स्थल पर जब इन चारों भूखण्डों को मिलाते हुए क्षेत्रफल ज्ञात किया गया तो यह मल्टीफ्लैक्स हेतु निर्धारित 4000 वर्गमीटर से 300 वर्गमीटर कम पाया गया । अतः चूंकि मल्टीफ्लैक्स हेतु निर्धारित भूखण्ड का मूल्य अच्छा आता है, इसलिये इस भूखण्ड को 4000 वर्गमीटर करने का निर्णय लिया गया ।

तलपट मानचित्र में इन चार भूखण्डों को मिलाकर जो नया बड़ा भूखण्ड बनता है, उसके दो तरफ सड़क तथा दो तरफ पार्किंग है । इनके सामने भी एक 4.5 मीटर की पट्‌टी पार्किंग हेतु दर्शायी गयी है । अतः तलपट मानचित्र में जो मार्ग 18 मीटर चौड़ा प्रदर्शित किया गया है, और वह केवल पार्किग तक ही जाता है । अतः उस मार्ग को 12 मीटर चौड़ा किये जाने में कोई आपत्ति नहीं है । फलस्वरूप सड़क का जो क्षेत्रफल 18 मीटर से 12 मीटर चौड़ाई करने में कम होता है, उसको सृजित भूखण्ड में समयोजित करने का प्रस्ताव है । इस प्रकार उक्त भूखण्ड का क्षेत्रफल 4031.25 वर्गमीटर हो जायेगा जो व्यवसायिक/ मल्टीफ्लैक्स हेतु उपयुक्त होगा ।

उपरोक्त के अतिरिक्त यहां यह भी अवगत कराना है कि पूर्व बोर्ड बैठक में आर्कीटैक्ट द्वारा प्रस्तावित भवनों के नये नये डिजाईन बनाये जाने के कारण कन्ट्रोल डिजाईन हटाने का निर्णय लिया गया था । इसी कम में यह भी उचित होगा कि भू–आच्छादन भवन उपविधि के अनुसार रखते हुए एफ0ए0आर0 कन्ट्रोल के अनुसार ही रखा जाये । छोटे भूखण्डों पर एफ0ए0आर0 कय की अनुमति नहीं होगी । केवल बड़े भूखण्ड जा 700 वर्गमीटर या उससे अधिक के हैं, उनको कय योग्य एफ0ए0आर0 भवन उपविधि के अनुसार दिया जा सकेगा । यह व्यवस्था केवल उन भूखण्डों पर लागू होगी जो नये सृजित किये गये हैं अथवा यदि एफ0ए0आर0 कय करना चाहते हैं तो ग्राउण्ड कवरेज उपविधि के अनुसार रखना होगा। ~~अन्यथा~~ यह व्यवस्था पूर्व आवंटित भूखण्डों पर लागू नहीं होगी तथा उनपर पूर्व निर्धारित शर्तो एवं नियमों के अनुसार ही मानचित्र स्वीकृत किये जायेंगे ।

अतः उपरोक्त अनुसार प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है ।

70

मद संख्याः 25

विषय : स्व0श्री मोबीन खान वेतनमान लिपिक के चिकित्सा बिलों के भुगतान के सम्बन्ध में।

---

श्री मोबीन खान गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में वेतनमान लिपिक के पद पर कार्यरत थे तथा इनका दिनांक 7–6–2006 को लम्बी बीमारी के कारण स्वर्गवास हो चुका है तथा इनकी पत्नी श्रीमती फैहमिदा खान द्वारा उनके ईलाज पर हुए व्यय रू0 1,30,000/– का भुगतान प्राधिकरण से किये जाने का अनुरोध किया गया है । इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि श्री मोबीन खान नियमित कर्मचारी नहीं थे, बल्कि दैनिक वेतन पर कार्यरत थे एवं इन्हें प्राधिकरण के अन्य कर्मचारियों के साथ वेतनमान की सुविधा दी गयी थी । शासनादेश अनुसार दैनिक वेतन/ वर्कचार्ज/ संविदा पर नियुक्त कर्मचारियों को मेडिकल बिलों के भुगतान की सुविधा नहीं है । वर्तमान में इनका स्वर्गवास भी हो चुका है । ऐसी स्थिति में इनकी पत्नी द्वारा प्रस्तुत किये गये बिलों का उन्हें भुगतान किये जाने पर विचार किया जाना है । यदि प्राधिकरण बोर्ड द्वारा इनकी पत्नी को श्री खान के ईलाज पर व्यय मेडिकल बिलों के भुगतान की अनुमति दी जाती है तो प्राधिकरण के नियमानुसार प्राधिकरण द्वारा नियुक्त डाक्टर से बिलों का सत्यापन उपरान्त इनके बिलों का भुगतान किया जायेगा ।

अतः स्व0 श्री मोबीन खान (वेतनमान लिपिक) के इलाज पर व्यय राशि का भुगतान इनकी पत्नी को किये जाने हेतु विचारार्थ प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत है ।

मद संख्या :- 26

विषय : **श्री अमर सिंह परमार, माननीय विधायक को भूखण्ड आवंटन के विषय में ।**

श्री अमर सिंह परमार, माननीय विधायक, विधान सभा खेरा, आगरा द्वारा दिनांक 2/9/05 को शासन की नीति के अनुरूप विधायक कोटे के अन्तर्गत भूखण्ड आवंटित किये जाने का अनुरोध किया गया । प्राधिकरण द्वारा दिनांक 17/11/05 को श्री परमार को विधायक कोटे में भूखण्ड आरक्षित किया गया । श्री परमार द्वारा दिनांक 25/4/06 व दिनांक 25/5/06 को इन्दिरापुरम योजना में भूखण्ड संख्या एस0के0–4/728, एस0के0–थर्ड/660, जी0के0–1/154, जी0के0–2/140 रिक्त बताते हुए आवंटित किये जाने का अनुरोध किया गया । उक्त सन्दर्भित भूखण्ड न्यायालय के समक्ष विवादित थे तथा विधायकों हेतु अन्य उपलब्ध भूखण्ड के आवंटन हेतु प्राधिकरण बोर्ड द्वारा आरक्षण हेतु स्वीकृत 180 विधायकों की सूची व तलपट मानचित्र शासन को सन्दर्भित किया गया । उक्त सूची में श्री अमर सिंह परमार का भी नाम सम्मिलित था इस कारण प्राधिकरण स्तर से आवंटन नहीं हो सका । उक्त सन्दर्भ में मा0 विधायक द्वारा मा0 मुख्यमन्त्री जी के समक्ष प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया जिसकी प्रतिलिपि सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग व सचिव, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को भी पृष्ठांकित थी । उक्त क्रम में शासनादेश संख्या 2244/8–1–06–146जीडीए/05 दिनांक 27/4/06 एवं 20/11/06 द्वारा शासन द्वारा निर्धारित नीति विषयक शासनादेश दिनांक 18/11/99, 29/12/2000 एवं 27/4/06 में निर्धारित व्यवस्था के अनुसार नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं । श्री परमार द्वारा भूखण्ड संख्या जी0के0–सेकेण्ड/165 इन्दिरापुरम पूर्व में आवंटित आवंटी को विकल्प में दूसरा भूखण्ड दिये जाने के फलस्वरूप रिक्त है जिसके आवंटन का श्री परमार द्वारा अनुरोध किया जा रहा है ।

यहाँ पर यह भी उल्लेखनीय है कि मा0 विधायकगण को भूखण्ड आवंटन विषयक प्रकरण सार्वजनिक हित याचिका के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय व उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है । उक्त क्रम में स्पष्ट करना है कि प्राधिकरण द्वारा इन्दिरापुरम में 5011 भूखण्ड नियोजित किये गये हैं एवं शासनादेश के अनुसार माननीय विधायक, सांसद व स्वतन्त्रता सेनानी हेतु 5 प्रतिशत भूखण्ड आरक्षित हैं जिसके अनुसार 251 भूखण्ड आरक्षित होते हैं, प्राधिकरण द्वारा मात्र 71 भूखण्ड उक्त योजना में मा0 विधायक व स्वतन्त्रता सेनानी कोटे में आवंटित हैं तथा 180 भूखण्ड कोटे के अनुसार उक्त श्रेणी को आवंटित और हो सकते हैं ।

अतः शासन के पत्र संख्या डी0आई0पी0–159/आठ–1–06–70जीडीए दिनांक 20 नवम्बर, 2006 जिसकी फोटो प्रति सन्दर्भित संलग्नकों सहित संलग्न है, प्रकरण विचारार्थ एवं निर्णयार्थ बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत है ।

19/12/06

(67) 72

संख्या : वीआईपी–159 / आठ–1–06–70जीडीए / 06

प्रेषक,

**यू0 पी0 सिंह,**
**विशेष सचिव,**
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

उपाध्यक्ष
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
गाजियाबाद।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 लखनऊ : दिनॉक : 20 नवम्बर, 2006

**विषय :–** इन्दिरापुरम् स्थित भूखण्ड संख्या : जीके–2 / 165 को आवंटित करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सचिव, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पत्र संख्या 101 / भू0अनु0 / 06 दिनांक 17.10.06 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें।

2– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री अमर सिंह परमार मा. विधायक को भूखण्ड आवंटन के सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्धारित नीति विषयक शासनादेश दिनांक 18.11.99, 29.12.2000 एवं 27.01.06 में निर्धारित व्यवस्था के अनुसार नियमानुसार कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(यू0 पी0 सिंह)
विशेष सचिव

OSD(P)

AVAS-1//GO-5

(66)

73

फैक्स/मुख्यमंत्री सन्दर्भ

संख्या : 2244 /आठ–1–06–146जीडीए/05

प्रेषक,

जी.पी. मिश्र
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

उपाध्यक्ष,
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण,
गाजियाबाद ।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 लखनऊ : दिनाँक 27 अप्रैल, 2006

विषय :– विधायक कोटे के अन्तर्गत भूखण्ड आवंटित किये जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या– 69/भूखण्ड अनुभाग/2006 दिनांक 22–4–06 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें ।

2– अवगत कराना है कि शासनादेश दिनांक 18–11–99 एवं 29–12–2000 द्वारा निर्धारित नीति के अन्तर्गत मा0 सदस्य विधान सभा/विधान परिषद को उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद तथा विकास प्राधिकरणों की योजनाओं में प्राथमिकता पर उपलब्धता के आधार पर भूखण्ड आवंटित करने के निर्देश दिये गये हैं। प्राधिकरण के उक्त पत्र द्वारा शासन से यह मार्गदर्शन की अपेक्षा की गयी है कि मा. 166 सदस्यों द्वारा इन्दिरापुरम योजना में भूखण्ड मांगे जाने से विषम स्थिति उत्पन्न हो गयी है, क्योंकि इन्दिरापुरम् में रिक्त भूखण्डों की उपलब्धता लगभग शून्य है।

3– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि हालाँकि प्रश्नगत शासनादेश स्पष्ट है, फिर भी ऐसी स्थिति में मा0 सदस्य द्वारा उनके आवेदन पत्र के अनुसार बताया गया भूखण्ड यदि उपलब्ध है तो उन्हें प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार आवंटित किया जाय और जिन विधायकों के आवेदन पत्र में किसी भूखण्ड विशेष का उल्लेख न किया गया हो और उनके द्वारा मांगी गयी योजना में भूखण्ड उपलब्ध न हो तो उपलब्ध भूखण्डों से सम्बन्धित अन्य योजनाओं में भूखण्ड लेने की सहमति मा0 विधायक से प्राप्त कर ली जाय, परन्तु भूखण्ड आवंटन से पहले मा0 विधायक से यह वचनबद्धता/शपथपत्र प्राप्त कर लिया जाय कि उन्हें आवास एवं विकास परिषद या विकास प्राधिकरणों या किसी अन्य अभिकरण की किसी भी योजना में भूखण्ड/भवन प्राथमिकता के आधार पर पूर्व में आवंटित नहीं हुआ है ।

4– यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत मामले में मा. विधायक श्री सुन्दर लाल कुरील द्वारा अपने पत्र दिनांक 8–11–05, 10–1–06 एवं 24–2–06 के माध्यम से मांगा गया भूखण्ड अन्य के पक्ष में आवंटित किया जा चुका है। उनके द्वारा अब पुनः भूखण्ड संख्या– जी.के.–4/160 को रिक्त बताते हुए विधायक कोटे के अन्तर्गत आवंटित किये जाने की मांग की गयी है तथा प्राधिकरण द्वारा भूखण्ड

07/05/06

संख्या– जी.के.–4 / 160 की उपलब्धता के विषय में परीक्षण कराये जाने की सूचना दी गयी है ।

5– अतः इस संबंध मे मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि उपर्युक्तानुसार यदि प्रश्नगत भूखण्ड संख्या–- जी0के0–4 / 160 मा0 विधायक के आवेदन पर उपलब्ध है तो शासनादेश दिनांक 18–11–99 एवं 29–12–2000 के कम में विधायक कोटे में प्राथमिकता के आधार पर आवंटित किये जाने पर कोई आपत्ति नहीं है, परन्तु पहले मा0 विधायक से उपर्युक्तानुसार वचनबद्धता / शपथ पत्र प्राप्त कर लिया जाय।

6– इसी कम में मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि :–

- प्राधिकरण के पत्र दिनांक 22–4–06 में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि श्री वाई.आर.एस. चन्द्रावल, मा. विधायक है अथवा नहीं। भूखण्ड संख्या : एसके–4 / 252 इन्हें नियमानुसार आवंटित है अथवा मा. विधायक को दी जा रही सुविधा के अनुसार आउट आफ टर्न, स्पष्ट किया जाय।
- इसी प्रकार यह भी स्पष्ट नहीं है कि श्रीमती पुष्पा यादव, मा. विधायक है अथवा नहीं। प्रश्नगत भूखण्ड इन्हें नियमानुसार आवंटित है अथवा मा. विधायक को दी जा रही सुविधा के अनुसार आउट आफ टर्न। इस संबंध में विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की इन्दिरापुरम योजना के भूखण्डों के आवंटन की जांच का प्रकरण मा. सामाजिक एवं सदभाव समिति के समक्ष लम्बित है जिसमें श्रीमती पुष्पा यादव को आवंटित भूखण्ड संख्या– जी.के.–2 / 192 के साथ–साथ भूखण्ड संख्या– जी.के.–2 / 161, 193, 194, 195, 196, 197 व 200 से सम्बन्धित प्राधिकरण की पत्रावलियाँ गायब किये जाने के बिन्दु पर कार्यवाही विचाराधीन है तथा दोषियों के विरूद्ध पुलिस में एफ0आई0 आर0 भी दर्ज करायी गयी है। फलतः श्रीमती पुष्पा यादव को भूखण्ड संख्या– जी.के. –2 / 192 प्राधिकरण द्वारा किन नियमों के तहत तथा किन कारणों से एवं किन परिस्थितियों में परिवर्तन में आवंटित किया गया है, स्पष्ट नहीं है, इसे भी स्पष्ट किया जाय।
- इसी प्रकार श्री डी. कुर्कास्था मा. विधायक हैं अथवा नहीं तथा भूखण्ड संख्या : जीके–1 / 127 इन्हें नियमानुसार आवंटित है अथवा मा. विधायक को दी जा रही सुविधा के अनुसार आउट आफ टर्न, स्पष्ट किया जाय।

6– कृपया उपर्युक्त प्रस्तर–3 एवं 5 के अनुसार श्री सुन्दर लाल कुरील मा. विधायक एवं अन्य विधायकगण को भूखण्ड आवंटित करने के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही करने तथा उक्त प्रस्तर–6 को स्पष्ट कराते हुए तथ्यात्मक सूचना दो दिन के अन्दर शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। प्रकरण मा. मुख्य मंत्री संदर्भों से आच्छादित है। अतः शीर्ष प्राथमिकता / समयबद्धता अपेक्षित है।

—ii—

(जी.पी. मिश्र)
विशेष सचिव

-2-

76 31-1-04

(63)

संख्या-5402 [illegible] /1998

[illegible]

[illegible] आवास एवं विकास परिषद,

[illegible]

[illegible] प्राधिकरण,

[illegible]

लखनऊ: दिनाँक-29 दिसम्बर, 2000

[illegible] आवास एवं विकास परिषद एवं विकास प्राधिकरणों में मा0 विधायकों को प्राथमिकता के आधार [illegible] भवन/भूखण्ड आवंटित करने एवं जनसामान्य को भवन/भूखण्ड आवंटित करने के सम्बन्ध में।

[illegible] शासनादेश संख्या-5140/9-आ-1-99-699डीए/1998, दिनांक-19.11.1999 के क्रम मे मुझे यह कहने का [illegible] अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-39/37-1-93, दिनांक-06 जनवरी, 92 के प्रस्तर-3 (1) मे किसी आवेदक [illegible] निम्नलिखित शर्तो के अधीन आवंटित किये जाने का प्राविधान है :-

"[illegible] या उसके परिवार (परिवार का तात्पर्य आवेदक, उसके पति/पत्नी तथा [illegible] सन्तानों से है।) के पास प्रश्नगत अभिकरण उसके विकास क्षेत्र में विकास [illegible] आवास विकास परिषद, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट, किसी स्थानीय निकाय, सहकारी [illegible] द्वारा विकसित कालोनियों में कोई अपना भूखण्ड/भवन नहीं होना चाहिए [illegible] के अन्य किसी नगर अथवा शहरी क्षेत्र में उपरोक्त अभिकरणों द्वारा [illegible] कालोनियों में एक से अधिक भूखण्ड/भवन नहीं होने चाहिए"।

[illegible] या उसके परिवार के पास सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में कुल दो से अधिक भूखण्ड/भवन नहीं [illegible] आवंटन के प्रत्येक मामले में इस आशय का प्रति शपथ-पत्र लेकर यह सुनिश्चित कर लिया [illegible] क्षेत्र के विकास प्राधिकरण, आवास एवं विकास परिषद, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट [illegible] समिति आदि द्वारा विकसित कालोनियों में कोई अपना भूखण्ड/भवन नहीं होना चाहिए [illegible] अथवा शहरी क्षेत्रों में उपरोक्त अभिकरणों द्वारा विकसित कालोनियों में एक से अधिक [illegible] प्रदेश में कुल मिलाकर आवेदक या उसके परिवार के पास दो से अधिक [illegible]

[illegible] विकास प्राधिकरण [illegible] अभिकरण [illegible] आधार पर पूर्व में आवंटित किया जा चुका है और मा0 विधायक द्वारा उसकी बिक्री कर दी गई है [illegible] शासनादेश संख्या [illegible] आ-1-99-699-डीए [illegible] दिनांक-19 [illegible] प्राथमिकता प्रदान नहीं की जायेगी अपितु उन्हें नियमानुसार आवंटन प्रदान किया जायेगा।

[illegible] यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि उन्हें [illegible] आवास एवं विकास परिषद/[illegible] अभिकरणों में एक से अधिक भवन या भूखण्ड [illegible] किसी नगर अथवा शहरी क्षेत्रों में [illegible] अभिकरणों द्वारा विकसित कालोनियों [illegible] 77

[illegible] कर लिया जाय कि यदि अविभाजित [illegible] प्रदेश के पर्वतीय [illegible] में [illegible] /3030 आवास एवं विकास परिषद के क्षेत्रों/किसी अन्य अभिकरण की किसी योजना में [illegible] वर्तमान में उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत होने वाले आवंटन में उसकी गणना की जायेगी।

[illegible] आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,
आनन्द कुमार
अनु सचिव

संख्या-5140/9-आ-1-99/699डीए/1998

प्रेषक,

रामकृष्ण प्रसाद,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

1- आवास आयुक्त,
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ ।

2. उपाध्यक्ष,
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश ।

आवास अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक- 18 नवम्बर, 1999

विषय:- उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद एवं विकास प्राधिकरणों में मा0 विधायकों को प्राथमिकता के आधार पर भवन आवंटित करने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि मा0 सदस्य, विधान सभा एवं विधान परिषद को, जिन्हें पूर्व में कोई सम्पत्ति आवंटित न की गई हो, को लखनऊ, गाजियाबाद अथवा अपने निवास के समीपस्थ/सामीपवर्ती विकास प्राधिकरण अथवा उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद की आवासीय योजनाओं में उनके आवेदन पर उपलब्धता के आधार पर प्राथमिकता पर भवन/भूखण्ड आवंटित करने का कष्ट करें ।

भवदीय,

( रामकृष्ण प्रसाद )
संयुक्त सचिव।

TS-2/0592
15/12

36 79

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
## गाजियाबाद ।

पत्र संख्या 1811/ अ्र. अनु./06 दिनांक 17-10-06

प्रेषक,

सचिव
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
गाजियाबाद ।

सेवा में,

श्री शिव जनम चौधरी
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन,
लखनऊ ।

विषय : **इन्दिरापुरम स्थित भूखण्ड संख्या जी0के0–सेकेण्ड/165 को आवंटित करने के सम्बन्ध में ।**

महोदय,

कृपया आपके कार्यालय के पत्र संख्या वी.आई.पी. 120/आठ–1–06–70 जीडीए/06 दिनांक 1/9/06 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जो श्री अमर सिंह परमार, माननीय विधायक को भूखण्ड संख्या जी0के0–सेकेण्ड/165, इन्दिरापुरम आवंटन विषयक है । इस सन्दर्भ में उल्लेखनीय है कि आपके द्वारा पूर्व प्रेषित पत्र संख्या वी.आई.पी.–87/आठ–1–06–70 जीडीए/06 दिनांक 15/6/06 का प्रतिउत्तर इस कार्यालय के पत्र दिनांक 28/8/06 द्वारा अवगत कराया गया था कि इस कार्यालय के पत्र संख्या 494/सी.ई./06 दिनांक 22/7/06 एवं पत्र संख्या 73/भू0अनु0/06 दिनांक 11/8/06 के माध्यम से सचिव आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को बोर्ड बैठक दिनांक 20/7/06 द्वारा आरक्षण हेतु स्वीकृत 180 मा0 सदस्यगण की सूची एवं नये सृजन किये गये भूखण्डों की सूची शासन से इस आशय का अनुरोध किया गया कि शासन मा0 विधान सभा अध्यक्ष जी से विधान सभा एवं विधान परिषद के माननीय सदस्यों की एक समिति गठित करा ली जाये जिनके समक्ष निष्पक्षता के आधार पर लाटरी द्वारा भूखण्ड आवंटन किया जा सके । चूँकि श्री अमर सिंह परमार का नाम भी उक्त सूची में सम्मिलित था एवं प्रक्रिया निर्धारण हेतु शासन को पूर्व में सन्दर्भित था । अतः शासन से समुचित निर्देश प्राप्ति हेतु अनुरोध किया गया था ।

इस क्रम में अवगत कराना है कि विशेष सचिव, उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या 2244/आठ–1–06–146 जीडीए/06 दिनांक 27/4/06 द्वारा "माननीय सदस्य द्वारा उनके आवेदन पत्र के अनुसार बताया गया भूखण्ड यदि उपलब्ध है तो

उन्हें प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार आवंटित किया जाये" । भूखण्ड संख्या जी0के0–सेकेण्ड / 165 इन्दिरापुरम माननीय राज्य मन्त्री श्री शैलेन्द्र यादव 'ललई' को अन्य भूखण्ड उपलब्ध होने के कारण रिक्त है । चूँकि श्री परमार द्वारा दिनांक 20 / 7 / 06 से पूर्व ही उक्त भूखण्ड की मॉग अपने पत्र दिनांक 25 / 5 / 06 द्वारा की गयी थी । अतएव इन्हें इस भूखण्ड के आवंटन का प्रस्ताव 17 / 6 / 06 में ही प्रस्तुत किया गया था परन्तु बोर्ड निर्णय दिनांक 20 / 7 / 06 के क्रम में उक्त सन्दर्भित पत्र शासन को प्रेषित किया गया था । चूँकि माननीय विधायक द्वारा दिनांक 25 / 5 / 06 से ही निरन्तर उक्त भूखण्ड आवंटन की मांग की जा रही है । उपरोक्त के दृष्टिगत यदि उचित समझें तो उपरोक्त माननीय विधायक का नाम आवंटन सूची से विरक्त करते हुए भूखण्ड संख्या जी0के0–सेकेण्ड / 165, इन्दिरापुरम के आवंटन की कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें ।

भवदीय,

(आर0सी0 मिश्र)
सचिव
16/10/06

81

मद सं0 27

विषय: ग्राम मकनपुर के खसरा सं0 1760/1 क्षेफल 1–12–0 बीघा भूमि का भू–उपयोग गाजियाबाद महायोजना 2021 के अन्तर्गत "ग्रीन बेल्ट" से व्यवसायिक भू–उपयोग में परिवर्तन के सम्बन्ध में ।

---

ग्राम मकनपुर के खसरा सं0 1760/1 क्षेफल 1–12–0 बीघा भूमि का भू–उपयोग ग्रीन बेल्ट से व्यवसायिक में परिवर्तित किये जाने हेतु श्रीमति रेणू कपूर द्वारा अनुरोध किया गया है । ग्राम मकनपुर के खसरा सं0 1760/1 क्षेत्रफल 0–10–0 बीघा तथा खसरा सं0 1760/2 क्षेत्रफल 0–10–0 बीघा भूमि की धारा 6/17 की विज्ञप्ति दिनांक 22.2.1989 को प्रकाशित होने के उपरान्त प्राधिकरण द्वारा दिनांक 7.7.1989 को कब्जा प्राप्त किया गया है। प्राधिकरण में उपलब्ध अभिलेखों के अनुसार खसरा सं0 1760 का कुल क्षेत्रफल 1–0–0 ही है । यह भी उल्लेखनीय है कि खसरा सं0 1760 की आंशिक भूमि प्राधिकरण द्वारा रोड़ में प्रयोग की गयी है तथा अवशेष क्षेत्रफल 1519.20 वर्ग गज मै0 रामप्रस्थ प्रोपर्टीज लिमिटेड को एक्सचेंज में दिनांक 26.4.97 को दी गयी है, उक्त से स्पष्ट होता है कि मार्ग के निर्माण के उपरान्त खसरा सं0 1760 की मात्र 1519.20 वर्गमीटर भूमि ही उपलब्ध है । श्रीमति रेणू कपूर द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों के अनुरूप ग्राम मकनपुर के खसरा सं0 1760/1 के अन्तर्गत फार्म भूखण्ड सं0 113 की 1–12–0 भूमि मै0 रामप्रस्था प्रा0 लिमिटैड से क्रय किया जाना उल्लेखित किया गया है । उक्त अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन आवश्यक होगा ।

उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत भूमि गाजियाबाद महायोजना 2021 के अन्तर्गत 45 मी0 महायोजना मार्ग तथा हिण्डन कट कैनाल के मध्य के प्रस्तावित ग्रीन बेल्ट के अन्तर्गत स्थित है । यह भी अवगत कराना है कि गाजियाबाद महायोजना 2021 को उ0प्र0 शासन द्वारा दिनांक 14.7.05 में स्वीकृति प्रदान की गयी है तथा सामान्यतः ग्रीन बेल्ट में भू–उपयोग परिवर्तन को हतोत्साहित करने की नीति है ।

उ0प्र0 शासन के पत्र सं0 सी0एम0 482/आठ–3–2006 दिनांक 8.11.06 ( छाया प्रति संलग्न ) द्वारा भी प्रश्नगत भू–उपयोग के परिवर्तन के सम्बन्ध में आख्या चाही गयी है। अतः ग्राम मकनपुर के खसरा सं0 1760 क्षेत्रफल 1519.20 वर्ग गज का भू–उपयोग ग्रीन बेल्ट से व्यवसायिक किये जाने के सम्बन्ध में किया गया अनुरोध प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष उपरोक्त तथ्यों के साथ विचारार्थ प्रस्तुत है ।

[signature]

82

**संख्या–सी.एम.–482/8–3–2006**

प्रेषक,

**शिवजनम चौधरी,**
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

**उपाध्यक्ष,**
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण,
गाजियाबाद।

**आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–3 लखनऊः दिनांक 8 नवम्बर, 2006**

**विषयः** खसरा संख्या–1760/ 1, रकबई एक बीघा बारह बीस्वा (1–12–0) स्थित ग्राम–मकनपुर तहसील व जिला गाजियाबाद के भू–उपयोग परिवर्तन के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक श्री चौ0 संजय सिंह लाठर, राष्ट्रीय अध्यक्ष, समाजवादी छात्र सभा के पत्र दिनांक 13.7.2006 की प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया प्रकरण में सुस्पष्ट आख्या शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकः** यथोपरि।

भवदीय,

**( शिवजनम चौधरी )**
अनुसचिव।

270 23/11/06

313 25-11-06

CATP/TP

25.11.06

T.P.II

278 25/11/06

Shukla-G.O.-06-2(32)

...मादव जिन्दाबाद ! समाजवादी पार्टी जिन्दाबाद 83

# समाजवादी छात्र सभा

केन्द्रीय कार्यालय : 18, कापरनिकस लेन, नई दिल्ली


चौ. संजय सिंह लाठर
राष्ट्रीय अध्यक्ष

निवास : सिकन्दरपुर काकोडी,
तहसील हापुड़,
जिला गाजियाबाद
नि० : 01683-275212
का० : 011-23386842
फैक्स : 011-23382430


9412802597
9868457331

मुख्य मंत्री, सचिवालय उ० प्र०
4888/सं०एम०-2/2006
दिनांक 26-07-/2006

पत्रांक 1617/ज०/06 प्रतिबंध

मा० मुख्यमंत्री जी
उ०प्र०शासन
लखनऊ।

दिनांक 13-7-06

4442ve/2006
क्रमांक-I

विषय :- खसरा संख्या 1760 / 1, रकबई एक बीघा बारह बीसवा (1–12–0) स्थित ग्राम मकनपुर तहसील व जिला गाजियाबाद के भूपयोग (लेन्डयूज) परिवर्तन के सम्बन्ध में –

श्रीमान जी

प्रार्थीनी ने खसरा संख्या 1760 / 1 रकबई 1–12–0 स्थित ग्राम मकनपुर तहयील व जिला गाजियाबाद बजरिये बैनामा मैसर्स रामप्रस्था बिल्डर्स से खरीदी थी। उक्त भूमि के कागजात का दाखिल खारिज दिनांक 21.10.1995 को हो चुका है। प्रार्थीनी तभी से उक्त भूमि पर काबिज व मालिक है तथा कागजात में उपरोक्त भूमि कृषि भूमि दर्ज है। प्रार्थीनी की उक्त जमीन का अधिगृहण नहीं हुआ है और न ही प्रार्थीनी को प्रतिकार मिला है।

श्रीमान जिलाधिकारी महोदय गाजियाबाद ने ग्राम मकनपुर की समस्त भूमि का रिहायशी उपयोग घोषित कर दिया है।

दिनांक 29.11.2005 को माननीय एस. डी. एम. गाजियाबाद ने प्रार्थीनी की जमीन की पैमाईश भी करा दी है। प्रार्थीनी की जमीन के चारो तरफ आबादी हो चुकी है तथा यह क्षेत्र गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की सीमा के अन्तर्गत आता है, व बगैर जी. डी. ए. गाजियाबाद द्वारा भूपयोग (लेन्डयूज) परिवर्तित किये हुए प्रार्थीनी का उक्त भूमि पर किया गया निर्माण कार्य अवैध घोषित होगा। प्रार्थीनी जी. डी. ए. गाजियाबाद के नियमानुसार भूपयोग (लेन्डयूज) परिवर्तन का शुल्क अदा करने को तैयार है। उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थीनी की भूमि का भूपयोग (लेन्डयूज) परिवर्तित होना आवश्यक है।

अतः श्रीमानजी से प्रार्थना है कि खसरा संख्या 1760 / 1, रकबई एक बीघा बारह बीसवा (1–12–0) स्थित ग्राम मकनपुर तहसील व जिला गाजियाबाद का भूपयोग (लेन्डयूज) जो कागजात में अभी कृषि दर्ज है, उक्त भूमि का भूपयोग (लेन्डयूज) [redacted] / व्यवसायिक / अर्द्धव्यवसायिक जी. डी. ए. गाजियाबाद से परिवर्तित कराने की कृपा करें।

आवश्यक कार्यवाही

(चन्द्रमा प्रसाद)
सचिव, मुख्य मंत्री,
उत्तर प्रदेश शासन

श्री जनार्दन
03/8/06

सेवा में
मा० मुख्यमंत्री जी
उ० प्र० शासन
लखनऊ

विषय :– खसरा संख्या 1760 / 1, रकबई एक बीघा बारह बीसवा (1–12–0) स्थित ग्राम मकनपुर तहसील व जिला गाजियाबाद के भूपयोग (लेन्डयूज) परिवर्तन के सम्बन्ध में –

श्रीमान जी

प्रार्थनी ने खसरा संख्या 1760 / 1 रकबई 1–12–0 स्थित ग्राम मकनपुर तहयील व जिला गाजियाबाद बजरिये बैनामा मैसर्स रामप्रस्था बिल्डर्स से खरीदी थी। उक्त भूमि के कागजात का दाखिल खारिज दिनांक 21.10.1995 को हो चुका है। प्रार्थीनी तभी से उक्त भूमि पर काबिज व मालिक है तथा कागजात में उपरोक्त भूमि कृषि भूमि दर्ज है। प्रार्थीनी की उक्त जमीन का अधिगृहण नहीं हुआ है और न ही प्रार्थीनी को प्रतिकार मिला है।

श्रीमान जिलाधिकारी महोदय गाजियाबाद ने ग्राम मकनपुर की समस्त भूमि का रिहायशी उपयोग घोषित कर दिया है।

दिनांक 29.11.2005 को माननीय एस. डी. एम. गाजियाबाद ने प्रार्थीनी की जमीन की पैमाईश भी करा दी है। प्रार्थीनी की जमीन के चारो तरफ आबादी हो चुकी है तथा यह क्षेत्र गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की सीमा के अन्तर्गत आता है, व बगैर जी. डी. ए. गाजियाबाद द्वारा भूपयोग (लेन्डयूज) परिवर्तित किये हुए प्रार्थीनी का उक्त भूमि पर किया गया निर्माण कार्य अवैध घोषित होगा। प्रार्थीनी जी. डी. ए. गाजियाबाद के नियमानुसार 'भूपयोग (लेन्डयूज) परिवर्तन का शुल्क अदा करने को तैयार है। उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रार्थीनी की भूमि का भूपयोग (लेन्डयूज) परिवर्तित होना आवश्यक है।

अतः श्रीमानजी से प्रार्थना है कि खसरा संख्या 1760 / 1, रकबई एक बीघा बारह बीसवा (1–12–0) स्थित ग्राम मकनपुर तहसील व जिला गाजियाबाद का भूपयोग (लेन्डयूज) जो कागजात में अभी कृषि दर्ज है, उक्त भूमि का भूपयोग (लेन्डयूज) [redacted] / व्यवसायिक / अर्द्धव्यवसायिक जी. डी. ए. गाजियाबाद से परिवर्तित कराने की कृपा करे।

प्रार्थीनी

( रेणु कपूर )
पत्नी श्री विनय कपूर
निवासी मोदीबाग, मोदीनगर
जिला गाजियाबाद

मद संख्याः 28

**विषयः प्रताप विहार सैक्टर–11 योजना के एच0ब्लाक में अर्द्व निर्मित 148 / 144 ई0डब्लू0एस0 भवनों का मॉडयूल बनाकर निस्तारण किये जाने के संबंध में ।**

प्रताप विहार सैक्टर–11 योजना के एच0 ब्लाक में मै0 कृष्ण वीर त्यागी द्वारा अनुबन्ध संख्याः 27 / ए0ओ0 / ई0ई0–7 / 98 दिनॉक 27–7–98 के अन्तर्गत 148 / 144 ई0डब्लू0एस0 भवनों का निर्माण दिनॉक 27–7–98 से प्रारम्भ कर दिनॉक 31–3–99 तक पूर्ण करना था। ठेकेदार द्वारा कार्य पूर्ण न किये जाने के कारण प्राधिकरण द्वारा दिनॉक 16–2–2004 को कार्य की अन्तिम मापें कर दी गयी थी । उपरोक्त भवन अभी भी स्थल पर अधूरे है जिनके निर्माण सामग्री आदि में क्षरण होते रहने को देखते हुए इनका निस्तारण किया जाना अति आवश्यक है। उक्त अधूरे भवनों को "जहॉ है जैसा है" के आधार पर बल्क में विक्रय किये जाने हेतु मूल्यॉकन रू0 202.50 लाख दिनॉक 8–12–2006 को स्वीकृत किया गया है। प्राधिकरण की अन्य योजनाएं यथा इन्दिरापुरम, गोविन्दपुरम, वैशाली आदि में अपूर्ण एवं अनिस्तारित सम्पत्ति को मॉडयूल बनाकर विक्रय किये जाने हेतु बोर्ड बैठकों के अनुमोदन उपरान्त सील्ड बिड / नीलामी द्वारा विक्रय किये गये है।चूॅकि यह भवन ई0डब्लू0एस0 श्रेणी के है जो कि पूर्ण नही किये जा सके। अतः इतने भवन प्राधिकरण की इन्द्रप्रस्थ योजना में बनाकर लक्ष्य को पूर्ण कर लिया जायेगा।

उपरोक्त परिस्थितियों में प्रताप विहार योजना के एच0 ब्लाक में अधूरे निर्मित 148 / 144 ई0डब्लू0एस0 भवनों के "जहॉ है जैसा है" के आधार पर बल्क में आरक्षित मूल्य रू0 202.50 लाख रखते हुए नीलामी द्वारा इस शर्त के साथ कि क्रेता को प्राधिकरण द्वारा इन भवनों हेतु प्रस्तावित / निर्मित / आच्छादित क्षेत्रफल के अनुसार ही एफ0ए0आर0 अनुमन्य होगा एवं तोडकर बनाये जाने की दशा में सुरक्षा सुनिश्चित पाये जाने पर 33 प्रतिशत परचेजेबल एफ0ए0आर0 नियमानुसार शुल्क पर दिया जा सकता है, विक्रय किये जाने हेतु प्रस्ताव बोर्ड बैठक के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्याः 29

विषयः– **कविनगर योजना में गाजियाबाद क्लब के निर्माण के संबंध में।**

कविनगर योजना में गाजियाबाद क्लब बनाये जाने के संबंध में पूर्व में बोर्ड बैठक दिनॉक 24–5–04 दिनॉक, 31–1–05, 21–3–05, 28–4–2005, 9–9–2005 दिनॉक 13–1–2006 एव दिनॉक 7–4–2006 में प्रस्ताव रखा गया था जिसमें यह निर्णय लिया गया है :–

1. क्लब को सोसायटी एक्ट में पंजीकृत कराया जाये। क्लब में 60 प्रतिशत गाजियाबाद विकास प्राधिकरण/सरकारी अधिकारियों का प्रतिनिधित्व तथा 40 प्रतिशत पंजीकृत सदस्यों से चुने गये प्रतिनिधि होगे । क्लब के अध्यक्ष पद हेतु उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण पदेन अध्यक्ष होगें तथा जिलाधिकारी गाजियाबाद उपाध्यक्ष होगें । क्लब के अध्यक्ष द्वारा सचिव की नियुक्ति की जायेगी।

   क्लब की मेम्बरशिप हेतु दिनॉक 16–2–2004 से दिनॉक 28–2–2004 तक मेम्बरशिप खोली गयी थी जिसके अन्तर्गत 164 मेम्बरशिप फार्म प्राप्त हुए थे जिसके विरूद्व प्राधिकरण को रू047.00 लाख की धनराशि प्राप्त हुई।
2. इस क्लब का नाम सिटी क्लब गाजियाबाद रखे जाने का निर्णय लिया गया था।
3. नगर के बदलते स्वरूप एवं विकास की गति को दृष्टिगत रखते हुए गाजियाबाद में अन्य नगरों की भॉति सामाजिक, सॉस्कृतिक कार्यक्रमों हेतु एक हाई प्रोफाइल क्लब की नितान्त आवश्यकता है। प्रश्नगत भूमि का भू–उपयोग महायोजना 2001 के अनुसार हरित पटटी है जिसके अन्तर्गत कुछ सुविधाएं प्रदान की जा सकती है।
4. भूमि पर स्वामित्व प्राधिकरण का होगा।
5. बी0ओ0टी0 बेसिस पर कविनगर योजना में गाजियाबाद क्लब के निर्माण हेतु प्रस्ताव स्वीकृत किया गया।
6. भूमि को 30 वर्ष के लिए लीज पर आवंटन किया जाये । लीज की अन्य शर्तो एवं प्रतिबंधों के साथ 30–30 वर्ष के दो मध्यवर्ती नवीनीकरण सहित सामान्यतया 90 वर्ष के लिए लीज का प्राविधान किया जाये। यह भी निर्णय लिया गया कि लीज की धनराशि की नीलामी की जायेगी और प्रस्तावित लीज रेंट का 10 प्रतिशत की बढोत्तरी प्रति 5 वर्ष में करने के निर्देश दिये गये।
7. क्लब हेतु 7.5 प्रतिशत भू–आच्छादन तथा 0.15 एफ0ए0आर0 रखा जाये।
8. प्रस्तावित क्लब से संबंधित समस्त सुविधाएं होगी । क्लब पूर्णतया वातानुकुलित होगा। सभी प्रकार की कान्फ्रैंस फेसिलिटि, बैंकट हॉल, हैल्थ क्लब, कॉफी शॉप, लाइब्रेरी, चिल्ड्रन प्ले एरिया, डाइनिंग फेसिलिटिज, सभी प्रकार के इन्डोर एवं आउट डोर गेम जैसे बिलियर्ड, स्वीमिंग पूल, कार्डस रूम, टेबिल टेनिस, बैडमिन्टन कोर्ट एवं लॉन टैनिस कोर्ट का निर्माण संचालन किया जाना अनिवार्य है।
9. क्लब परिसर का उपयोग विवाह समारोह एवं रिसेप्शन पार्टीयों के लिए किया जा सकता है।

10. भूमि मूल्य की 2 प्रतिशत धनराशि निविदा राशि मानते हुए रू021.60 लाख प्रतिवर्ष निविदा राशि ऑकलित होती है।

11. लीज धारक लीज की अवधि समाप्त होने के पश्चात 3 महीनों के अन्दर स्ट्रक्चर हटा लेगा एवं गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को भूमि का कब्जा सौंप देगा।

12. आवेदनकर्ता को तकनीकी अनुभव के आधार पर आवंटन किया जायेगा जिसमें यह सम्भव हो कि आवेदनकर्ता को इस प्रकार के क्लब बनाये हो एवं उनका संचालन किया जा रहा हो।

13. वित्तीय क्षमता देखने हेतु आवेदक का टर्न ओवर कम से कम 5 करोड रखा जाये। नैटवर्थ कम से कम 5 करोड हो। कर्न्सोडियम की अनुमति दस शर्त के साथ दी जाये कि कर्न्सोडियम पंजीकृत हो।

14. बी0ओ0टी0 की सुविधा दी जाये जिससे इतने बडे कल्ब को चलाये हो अथवा चलाया जा रहा हो ।

15. नवीन भवनों को केवल एक ही तल तक रखा जाये जो कि वृक्षों की सामान्यतया ऊँचाई से कम हो ताकि भवन ग्रीन इन्वायरमेंट में समाहित हो सके। प्रस्ताव का तलपट मानचित्र संशोधित मानते हुए जनता से आपत्ति एवं सुझाव मॉगे जाये। क्लब हेतु निर्धारित आच्छादित क्षेत्रफल 3.59 प्रतिशत पर निर्माण का प्रस्ताव स्वीकार किया गया है।

उपरोक्तानुसार विभिन्न बोर्ड बैठकों में लिये गये निर्णयों के अनुपालन में कविनगर में 18526 भूमि का क्षेत्रफल पर हाई प्रोफाइल कल्ब चलाने हेतु नीलामी के माध्यम से आवंटन हेतु निम्नानुसार समाचार पत्रों में विज्ञापन दिया जाये :–

(क) कम्पनी/सोसायटी जिन्हें 4 एकड या इससे अधिक भूमि पर क्लब निर्माण/संचालन का एक वर्ष से अधिक का अनुभव हो, जिनकी वार्षिक टर्न ओवर कम से कम 5 करोड हो एवं नैटवर्थ कम से कम 5 करोड हो से नीलामी हेतु आवेदन मॉगे गये है।

(ख) नीलामी हेतु धरोहर राशि 100.00 लाख रखी गयी है। क्लब का निर्माण एवं संचालन आवंटी को स्वयं पूर्व प्राधिकरण द्वारा निर्धारित कन्ट्रोल डिजाइन एवं नीलामी की शर्तो के अधीन करने हेतु प्राविधान किया गया।

(ग) क्लब से संबंधित सभी प्रकार की कॉफ्रेस फैसिलिटीज, बैंकवट हॉल, हैल्थ क्लब, कॉफी शॉप, बार , लाइब्रेरी, चिल्ड्रन प्ले एरिया व डाइनिंग फेसिलिटीज भी प्रदान करना आवश्यक है। क्लब में सभी प्रकार के इन्डोर व आउटडोर गैम्स जैसे विलियर्ड, स्वीमिंग पूल, कार्डस रूम, टेबल टेनिस, बैडमिन्टन कोर्ट एवं लॉन टेनिस कोर्ट का निर्माण एवं संचालन किया जाना अनिवार्य होगा।

(घ) क्लब परिसर का उपयोग विवाह समारोह एवं रिसेप्शन पार्टीयों के लिए किया जा सकता है।

(ड) कविनगर योजना के लिए प्राधिकरण की सैक्टर रेट रू0 6000/– प्रति वर्ग मीटर है परन्तु इस भूमि पर कुछ पूर्व निर्मित भवन एवं अनुमन्य सुविधाएं अर्द्ध व्यवसायिक मानते हुए 10000/–रू0 प्रति वर्ग मीटर की दर से ऑकलन करने पर भूमि का मूल्य रू0

18,52,60,000/– की आरक्षित मूल्य निर्धारित किये जाने का प्रस्ताव है, जिस पर नीलामी के अन्तर्गत वास्तविक मूल्य प्राप्त हो सकेगा ।

(च) नीलामी में प्राप्त उच्चतम बिड मूल्य की 10 प्रतिशत धनराशि(धरोहर राशि को समायोजित करते हुए) फॉल आफ हैमर पर ली जानी प्रस्तावित है जिसके उपरान्त लीजरेट जमा कराकर एवं अनुबन्ध पंजीकृत कराने के बाद कब्जा दिया जायेगा। आवंटन पत्र से दो वर्ष का समय मोराटोरियम अवधि रहेगी तथा इसके पश्चात अवशेष 90 प्रतिशत धनराशि 12 प्रतिशत ब्याज के साथ 6 छमाही किश्तों में ली जायेगी।

(छ) भूमि का स्वामित्व प्राधिकरण का होगा एवं नीलामी के अन्तर्गत आवंटित भूमि कभी भी फ्री होल्ड नही की जायेगी ।

(ज) आवंटी द्वारा संचालन संतोषजनक न किये जाने पर इस संबंध में पटटा विलेख में प्राविधानित शर्तो के अनुसार निरस्त कर दिया जायेगा।

(झ) अन्य मामलों पर उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का निर्णय अन्तिम होगा।

उपरोक्तानुसार प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

मद सं0: 30

**विषय : इन्टीग्रेटिड हाउसिंग स्कीम के अन्तर्गत निजी विकासकर्ताओं को जारी किये गये लाइसेंस के अन्तर्गत प्रस्तुत डी0पी0आर0 के अनुमोदन के सम्बन्ध में।**

उ0प्र0 शासन द्वारा प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में निजी पूंजी निवेश के माध्यम से आवासीय योजनाओं के लिए भूमि अर्जन एवं विकास की नीति के अन्तर्गत शासनादेश संख्या 5873/8-1-2005-34/ विविध/03टी.सी-1 दिनांक 12.01.2006 में गठित समिति द्वारा विचार करते हुए अब तक 19 निजी विकासकर्ताओं को पंजीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया। जिसमें से कुल 8 विकासकर्ताओं को लाइसेंस प्रदान किये गये। पंजीकृत किये गये निजी विकासकर्ताओं में से अब तक 5 निजी विकासकर्ताओं को उनके द्वारा प्रस्तुत डी.पी.आर. को प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनांक 13.09.2006 एवं 18.11.2006 में अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है।

वर्तमान में पूर्व में दिनांक 10.02.2006 में पंजीकृत विकासकर्ताओं में से निम्न दो विकासकर्ताओं द्वारा लाइसेंस हेतु प्राप्त आवेदनों पर शासन द्वारा गठित समिति की बैठक दिनांक 02.11.2006 एवं दिनांक 13.11.2006 में लाइसेंस जारी किये जाने की संस्तुति प्रदान की गई थी। जिस पर प्राधिकरण बोर्ड बैठक दिनांक 18.11.2006 की मद संख्या-3 में दोनो निजी विकासकर्ताओं को लाइसेंस जारी किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गईः-

| क्र0सं0 | कम्पनी/कन्सोर्सियम का नाम | लाईसेंस क्षेत्रफल |
|---|---|---|
| 1- | मै0 लैण्ड क्राफ्ट डवलपर्स प्रा0लि0 | 91.60 एकड़ |
| 2- | मै0 साहनी बिल्डर्स प्रा0लि0 | 200.00 एकड |

उपरोक्त दोनों निजी विकासकर्ताओं में से क्र0सं0-1 पर उल्लेखित निजी विकासकर्ता मै0 लैण्ड क्राफ्ट डवलपर्स प्रा0लि0 द्वारा अपनी योजना की डी.पी.आर. प्रस्तुत की गई है। डी0पी0आर0 का परीक्षण, शासनादेश संख्या 6168/8-1-2006-53/विविध/2006 दिनांक 22.08.2006 द्वारा गठित समिति की बैठक दिनांक 15.12.2006 में किया गया। समिति की बैठक का कार्यवृत परिशिष्ट-1 पर अवलोकनीय है। समिति द्वारा निजी विकासकर्ता मै0 लैण्ड क्राफ्ट डवलपर्स प्रा0लि0 की डी.पी.आर. पर कार्यवृत्त में उल्लिखित अभियुक्तियों के साथ अनुमोदन प्रदान किये जाने की संस्तुति की गई है। अतः समिति की बैठक दिनांक 15.12.2006 में की गई संस्तुति के क्रम में मै0 लैण्ड क्राफ्ट डवलपर्स प्रा0लि0 की डी.पी.आर. के अनुमोदन का प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

**गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में इन्टीग्रेटड हाउसिंग स्कीम के अन्तर्गत पंजीकृत विकासकर्ताओं द्वारा लाइसेंस अनुज्ञा प्रणाली के अधीन प्रस्तुत डी.पी.आर. के अनुमोदन के सम्बन्ध में शासनादेश संख्याः 6168/आठ–1–2006–53 विविध, दिनांक 22.08.2006 द्वारा गठित समिति की बैठक दिनांक 15.12.2006 का कार्यवृत्त।**

**उपस्थितिः–**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री डी.पी. सिंह, उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण। | अध्यक्ष |
| 2. | श्री एन.आर. वर्मा, मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उ.प्र.। | सदस्य |
| 3. | श्री एस.के. यादव, वित्त नियंत्रक, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण। | सदस्य |
| 4. | श्री एस.के. जमान, मुख्य वास्तुविद् एव नगर नियोजक, गा.वि.प्रा. | सदस्य |
| 5. | श्री एस.पी.एस. राघव, मुख्य अभियन्ता, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण। | सदस्य |

प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में निजी पूंजी निवेश के माध्यम से आवासीय योजनाओं हेतु भूमि अर्जन/लैण्ड असेम्बली (इन्टीग्रेटेड टाउनशिप) के अधीन गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में पंजीकृत एवं लाईसेन्स धारक मै. लैण्डक्राफ्ट डेवलपर्स प्रा. लि. (कन्सॉर्शियम) आवासीय योजना के विकास से सम्बन्धित डी.पी.आर. प्राधिकरण की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की गई है। प्रस्तुत डी.पी.आर. के अनुमोदन सम्बन्धी कार्यवाही हेतु आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 के कार्यालय ज्ञाप संख्याः 6168/आठ–1–2006–53 विविध, दिनांक 22.08.2006 द्वारा गठित समिति की बैठक उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की अध्यक्षता में दिनांक 15.12.2006 को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में आयोजित की गई। समिति द्वारा डी.पी.आर. का परीक्षण नीति विषयक शासनादेश संख्याः 2711/8–1–05–34 विविध/03, दिनांक 21.05.05, शासनादेश संख्याः 5873/8–1–05–34विविध/03, दिनांक 29.12.05 एवं शासनादेश संख्याः 2236/8–1–05–45विविध/06, दिनांक 28.04.06, में निहित प्राविधानों तथा गाजियाबाद महायोजना–2021 व गाजियाबाद विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधि एवं अन्य सुसंगत शासनादेशों के आलोक में किया गया, जिस पर आधारित संस्तुतियाँ निम्नवत् हैंः–

(1) मैसर्स लैण्डक्राफ्ट डेवलपर्स प्रा. लि. श्रेणी–बी के अन्तर्गत दिनांक 10.02.2006 को पंजीकृत है, जिसमें आठ कम्पनियों की सहभागिता है। उक्त कन्सोर्सियम को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक दिनांक 18.11.06 में लिये गये निर्णयानुसार ग्राम महरौली, तहसील व जिला गाजियाबाद में 91.60 एकड़ भूमि क्रय/असेम्बली एवं विकास हेतु दिनांक 25.11.2006 को लाइसेंस जारी किया गया है।

(2) कन्सॉर्सियम द्वारा चयनित स्थल का भू–उपयोग महायोजना–2021 में प्रधानतः आवासीय न्यून घनत्व है। इसके अतिरिक्त कुछ भूमि का भू–उपयोग आंशिक भाग महायोजना मार्ग, ग्रीन बैल्ट, मनोरंजन व सामुदायिक सुविधाएं है।

(3) मैसर्स लैण्डक्राफ्रट डेवलपर्स प्रा. लि. द्वारा विकास प्राधिकरण के अनुमोदन हेतु 91.6 एकड़ भूमि के विकास हेतु डी.पी.आर. प्रस्तुत की गई है। शासनादेश संख्याः 2236/8–1–06–45 विविध/06, दिनांक 28.06.2006 में निहित व्यवस्थानुसार डी.पी.आर. का अनुमोदन 60 प्रतिशत भूमि की रजिस्टर्ड सेल डीड कन्सॉर्शियम के पक्ष में होने के उपरान्त ही किये जाने की व्यवस्था है। प्रस्तुत डी.पी.आर. के अनुसार भूमि के स्वामित्व की स्थिति निम्नवत् हैः–

Fc.

| | | |
|---|---|---|
| (i) | भूमि का क्षेत्रफल जिसकी रजिस्टर्ड सेल डीड कन्सॉर्शियम के पक्ष में है | 56.90 एकड़ (62.11 प्रतिशत) |
| (ii) | ग्राम समाज की भूमि | 5.00 एकड़ (5.46 प्रतिशत) |
| (iii) | अधिग्रहण हेतु प्रस्तावित भूमि | 29.40 एकड (32.43 प्रतिशत) |
| | योग= | **91.60 एकड़** (100.00 प्रतिशत) |

(4) कन्सॉर्शियम द्वारा 60 प्रतिशत (56.90 एकड़) भूमि क्रय किये जाने एवं उसके स्वामित्व में होने का उल्लेख किया गया है एवं सजरा मानचित्र पर 50 प्रतिशत भूमि की स्थिति दर्शाते हुए प्रस्तुत की है। उक्त भूमि के रजिस्टर्ड सेल डीड कन्सॉर्शियम के पक्ष में होने की पुष्टि विकास प्राधिकरण द्वारा कर ली जाये।

(5) प्रथम चरण में 60 प्रतिशत भूमि के डिटेल्ड ले–आउट प्लान के अन्तर्गत आने वाली ग्राम समाज/शासकीय स्वामित्व की भूमि, जिसका पुर्नग्रहण विकासकर्ता कम्पनी के पक्ष में नहीं हुआ है तथा निजी स्वामित्व की अन्य भूमि जो विकासकर्ता द्वारा क्रय नहीं की गई है, के लिए नियमानुसार विकास अनुज्ञा जारी नहीं की जा सकती है तथा विभिन्न अवस्थापना सुविधाओं का एकीकृत विकास सुनिश्चित करने हेतु 60 प्रतिशत भूमि निरन्तरता में होनी चाहिए।

(6) डी.पी.आर. में 'साइट एनालिसिस' के अन्तर्गत स्थल का सामान्य/प्राकृतिक ढाल, कन्टूर, ड्रेनेज़, मिट्टी का वर्गीकरण, वायु की दिशा, स्थल का ओरियन्टेशन, विद्यमान ग्रीन कवर (पेड़–पौधे), तालाब/जलाशय, हाई–टेंशन लाइन, आदि दर्शाए जाने चाहिए। इसके अतिरिक्त कब्रिस्तान/शव दाह स्थल, कुँआ, ग्रामीण आबादी, आती हों, तो उन्हें भी दर्शाया जाना चाहिए।

(7) योजना स्थल के सजरा प्लान पर 'सुपर इम्पोज़' किए गए प्रस्तावित योजना के ब्राड मास्टर प्लान महायोजना मानचित्र में लैण्ड यूज़ एनालिसिस के अन्तर्गत 'सब–डिवीजन रेग्युलेशन्स' के अनुसार विभिन्न क्रियाओं/उपयोगों यथा–व्यवसायिक, सामुदायिक सुविधाएं, सड़कें, पार्क एवं खुले क्षेत्रों/ग्रीन बेल्ट, आदि के लिए आरक्षित भूमि एवं उनका प्रतिशत दर्शाया जाना चाहिए।

(8) प्रस्तावित योजना का ले–आउट प्लान विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के अनुसार ले–आउट प्लान 1:1000 के पैमाने पर होना चाहिए एवं उसके अन्तर्गत निम्न विवरण दर्शाए जाने आवश्यक हैं:–

(क) सर्विस रोड स्तर तक की समस्त विद्यमान एवं प्रस्तावित सड़कें एवं उनकी चौड़ाई,

(ख) सड़कों के जंक्शन के मध्य की दूरी,

(ग) भूखण्डों के आकार एवं क्षेत्रफल तथा सेट बैक रेखाएं,

(9) रोड नेटवर्क प्लान को निम्न सुझावों के अनुसार संशोधित किया जाए:–

(क) योजनान्तर्गत प्रस्तावित मार्गों की हेरारिकी मेन्टेन की जाए। योजना के मध्य भाग में प्रस्तावित मार्ग जो योजना के दक्षिण–पूरब में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–24 तथा उत्तर–पश्चिम में 45 मीटर चौड़े महायोजना मार्ग को जोड़ता है, यह मार्ग आधे से अधिक 18 मीटर चौड़ा है तथा शेष 24 मीटर चौड़ा प्रस्तावित है, जिसकी चौड़ाई

निरन्तरता में एक समान रखी जाए। इसके अतिरिक्त योजना में प्रस्तावित ग्रीन–1 के किनारे 12 मीटर चौड़े मार्ग को 18 मीटर चौड़े मार्ग से तथा 18 मीटर चौड़े मार्ग को 24 मीटर चौड़े मार्ग से जोड़ा गया है। उक्त मार्ग की चौड़ाई निरन्तरता में एक समान होनी चाहिए।

(ख) योजना के मध्य भाग में दर्शाए गए ग्रीन–3 तथा ग्रीन–2 की 'लूप–स्ट्रीट्स' जो योजना के मध्य स्थित मुख्य मार्ग पर खुलते हैं, द्वारा बनाये जाने वाले जंक्शन्स के मध्य की दूरी भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के अनुसार न्यूनतम 150 मीटर होनी चाहिए।

(ग) योजना के दक्षिण–पश्चिम में प्रस्तावित 24 मीटर चौड़े मार्ग से 12 मीटर चौड़ा प्रवेश दर्शाया गया है तथा उत्तर–पश्चिम में प्रस्तावित 24 मार्ग से दर्शाए गए प्रवेश मार्ग की चौड़ाई अंकित नहीं है, जो पैमाने के आधार पर 9 मीटर है, उक्त दोनों प्रवेश मार्गों की चौड़ाई हायरआर्की के अनुसार रखी जानी चाहिए।

(घ) योजना के मध्य भाग में दर्शाए गए ग्रीन–3, ग्रीन–2 तथा योजना के उत्तर–पूरब में दर्शाए गए ग्रीन–4 के 'लूप–स्ट्रीट्स' की चौड़ाई अंकित की जानी चाहिए।

(ङ) योजना में प्रस्तावित अधिकांश मार्गो को तिरछा प्रस्तावित किया गया है जिससे अनावश्यक यातायात का सुगम प्रवाह प्रभावित होगा, अतः योजनान्तर्गत मुख्य मार्गों पर बनने वाले जंक्शन्स यथा सम्भव 90 डिग्री के कोण पर होने चाहिए।

(10) योजनान्तर्गत प्रस्तावित समस्त प्राइमरी तथा नर्सरी स्कूल, इत्यादि योजना के उत्तर–पूर्व भाग में प्रस्तावित कर दिए गए हैं, जबकि इनकी लोकेशन इस प्रकार होनी चाहिए जिससे विभिन्न सेक्टर्स में रहने वाले निवासियों को सुविधाजनक पहुँच उपलब्ध हो सके।

(11) योजनान्तर्गत मानकों के अनुसार 10,000 की जनसंख्या पर एक उप डाक–घर का प्राविधान किया जाना चाहिए।

(12) योजना में प्रस्तावित 24 मीटर चौड़े मार्ग के उत्तर–पूर्व में व्यवसायिक केन्द्र तथा पुलिस स्टेशन प्रस्तावित किया गया है, जिसे महायोजना में प्रस्तावित भू–उपयोग (सामुदायिक सुविधायें) के अनुसार रखा जाना चाहिए।

(13) अवस्थापना सुविधाओं से सम्बन्धित मानचित्र भवन निर्माण एवं विकास उपविधि की अपेक्षाओं के अनुसार 1:1000 के पैमाने पर प्रस्तुत किए जाने चाहिए।

(14) सीवरेज़ डिस्पोज़ल हेतु आरक्षित स्थल पर एस.टी.पी. प्रस्तावित किया गया है तथा एस.टी.पी. में से अन्तिम निस्तारण योजनान्तर्गत प्रस्तावित कृत्रिम जलाशय में दर्शाया गया है। जलाशय के ओवर–फ्लो के लिए प्रस्ताव दिया जाना चाहिए।

(15) ड्रेनेज प्लान में प्रस्तावित मुख्य ड्रेन के ढाल की दिशा, जो स्थल के प्राकृतिक ढलान की दिशा में प्रस्तावित हो, दर्शायी जानी चाहिए तथा अन्तिम निस्तारण बिन्दु को भी दर्शाया जाना चाहिए।

(16) शासनादेश संख्याः यू0ओ0: 35/आठ–1–2006, दिनांक 25.04.2006 के अनुसार भूजल की सामूहिक रिचार्जिंग हेतु रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का पृथक नेटवर्क दर्शाया गया है परन्तु वर्षा जल संचयन के अन्तर्गत न्यूनतम 5 प्रतिशत क्षेत्रफल वाटर बाड़ीज़ हेतु आरक्षित किया जाना अनिवार्य है। रेनवाटर हार्वेस्टिंग हेतु प्रस्तावित स्ट्रक्चर्स की प्रश्नगत क्षेत्र की हाइड्रोज्यॉलाजी के आधार पर उपयुक्तता के सम्बन्ध में सेन्ट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड अथवा उत्तर प्रदेश भूजल विभाग से अनापत्ति प्रमाण–पत्र लिया जाना चाहिये।

(17) गाजियाबाद क्षेत्र 'सीजमिक जोन–4' के अन्तर्गत स्थित है। अतः डी.पी.आर. में भूकम्परोधी विकास एवं निर्माण व्यवस्था तथा डिजास्टर मैनेजमेंट सम्बन्धी प्रस्ताव दिये जाने चाहिये।

(18) डी.पी.आर. में 'लैण्डस्केप' प्लान, प्रस्तुत किया गया है परन्तु इसमें भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के अनुसार सड़कों, पार्क एवं खुले क्षेत्रों के अन्तर्गत वृक्षारोपण हेतु मानकों के अनुसार प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाने चाहिये।

(19) भवन निर्माण एवं विकास उपविधि के अनुसार शारीरिक रूप से अशक्त व्यक्तियों के लिए उनकी आवश्यकता, सुविधा एवं सुगमता के दृष्टिगत महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों एवं जन–सुविधाओं से सम्बन्धित इमारतों में अवरोधमुक्त परिसर के सृजन हेतु प्रस्ताव दिया जाना चाहिए।

(20) टाउनशिप हेतु क्रय/अधिग्रहीत भूमि से प्रभावित/विस्थापित भू–स्वामियों/किसानों के पुनर्वास हेतु यदि कोई हो, के लिए सरकार की पुनर्वास नीति के अनुसार व्यवस्था की जानी होगी।

(21) प्रस्तावित टाउनशिप परियोजना के सम्बन्ध में पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार की पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त की जानी होगी।

(22) डी.पी.आर. के अनुसार परियोजना की अनुमानित लागत रूपये 11,904.56 लाख हैं जिसकी फाइनेन्सियल बाइबिलिटी संबंधी विवरण शामिल किए जाने चाहिए।

(23) ले–आउट प्लान की स्वीकृति के समय कन्सॉर्शियम द्वारा विकास प्राधिकरण के साथ निर्धारित प्रपत्र पर डेवलपमेन्ट एग्रीमेन्ट निष्पादित करना होगा एवं तत्समय 25 प्रतिशत भूमि जो परफार्मेन्स गारन्टी के रूप में विकास प्राधिकरण द्वारा रोक कर रखी जाएगी, की स्थिति ले–आउट प्लान पर चिन्हित की जानी चाहिए।

(24) कन्सॉर्शियम द्वारा ले–आउट प्लान की स्वीकृति हेतु विकास अनुज्ञा शुल्क निरीक्षण शुल्क, सिटी डेवलपमेन्ट चार्जेज, ट्रंक सेवाओं के लिए कनेक्टीविटी चार्जेज प्राधिकरण को देय होंगे। इसके अतिरिक्त, नगर स्तरीय अवस्थापना सुविधाओं (यदि हों) तथा अन्य शुल्क भी निर्धारित दरों पर देय होंगे।

(25) योजना के ले–आउट प्लान का समन्वय एवं एकीकरण गाजियाबाद विकास प्राधिकरण बोर्ड द्वारा अनुमोदित इस क्षेत्र के जोनल सरकुलेशन नेटवर्क से सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है।

2. उपर्युक्त के दृष्टिगत समिति की संस्तुति है कि मैसर्स लैण्डकाफ्ट डेवलपर्स प्रा.लि. द्वारा प्रस्तुत डी.पी.आर. पर इस शर्त के साथ सैद्धान्तिक अनुमोदन प्रदान कर दिया जाए कि विकासकर्ता/कन्सॉर्शियम द्वारा समिति की उपरोक्त संस्तुतियों को डी.पी.आर./डिटेल्ड ले–आउट प्लान में समायोजित किया जाएगा।

(एस.के. जमान)
मुख्य वास्तुविद एवं नगर नियोजक
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

(एस.पी.एस. राघव)
मुख्य अभियन्ता
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

(एस.के. यादव)
वित्त नियंत्रक
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

Verma
15.12.06
(एन.आर.वर्मा)
मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक
उ.प्र., लखनऊ।

(डी.पी. सिंह)
उपाध्यक्ष
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

अनु०-31

92

इन्द्रप्रस्थ आवासीय योजना को विद्युत आपूर्ति देने के उद्देश्य से एल.टी. 11 के.वी. लाईन व एल.टी. सबस्टेशन निर्माण का कार्य प्राधिकरण द्वारा स्थल पर तेजी से कराया जा रहा है। इसे उर्जीकृत कराने के लिए 132 के.वी. सबस्टेशन लोनी से निर्मित करायी जाने वाली 33 के.वी. लाईन को टैप कराना होगा। इन्द्रप्रस्थ योजना में प्राधिकरण द्वारा निर्माणाधीन 33 के.वी. सबस्टेशन को निर्मित कराने से पूर्व प्रबन्धक निर्देशक पश्चिमाचल विद्युत वितरण निगम विक्टोरिया पार्क मेरठ से दिनांक 4.10.2004 को अनुमति प्राप्त कर ली गयी थी। फोटो प्रति संलग्न है। अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड - प्रथम 132 के.वी. सबस्टेशन लाल कुआ गाजियाबाद का पत्र संख्या - 339 दिनांक 4.2.2006। फोटो प्रति संलग्न। जिसमें इन्द्रप्रस्थ योजना में निर्माणाधीन 33 के.वी. सबस्टेशन से इस क्षेत्र को उर्जीकृत कराने के लिए 40 एम.वी.ए. क्षमता का ट्रान्सफार्मर 132 के.वी. सबस्टेशन पर लगाने के लिए प्राधिकरण से रू0- 399.64 लाख की माँग की है। फोटो प्रति साथ संलग्न है। विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी विद्युत सप्लाई कोड "2005 के पैरा 4.9 की छाया प्रति संलग्न है। को आधार मानकर 132 के.वी. सबस्टेशन 220 के.वी. सबस्टेशन को निर्मित कराने का दायित्व भी प्राधिकरणों का बताया जा रहा है। मुख्य सचिव उ0 शासन स्तर से यह निर्णय कराने के लिए कि विद्युत उत्पादन से लेकर 400केवी 220 के.व 132 के.वी. तथा ट्रान्समीशन लाईनों के निर्माण में किस स्तर तक के दायित्वों को वहन करने की जिम्मेदारी प्राधिकरण की है। शासन को निर्णय हेतु कई पत्रों (377 दिनांक 13.9.05, 196/ईईई/05 दिनांक 18.2.2005) के माध्यम से सूचित किया गया। फोटो प्रति संलग्न है। निर्णय के अभाव में इन्द्रप्रस्थ योजना में कराये जा रहे विद्युतीकरण के कार्यों को उर्जीकृत होने की सम्भावना क्षीण होती जा रही है। शासन स्तर से निर्णय में समय लग सकता है। ऐसी दशा में प्राधिकरण द्वारा इस योजना में कराये गये विद्युतीकरण के कार्यों की क्षति-विक्षित होने की सम्भावना बनी हुई है।

अतः उक्त तथ्यों के आधार पर रू0- 399.64 लाख की अदायगी उ0 प्र0 पॉवर कॉरपोरेशन लि0 को कर दी जाये, पर स्वीकृति के लिए प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत है। इस व्यय को इन्फ्रास्ट्रक्चर फण्ड से वहन किया जाय। शासन स्तर पर दायित्व निर्धारण उक्त कार्यों का उ0 प्र0 पॉवर कॉरपोरेशन लि0 का इच्छा निर्धारित होता है तो इस धनराशि को प्राधिकरण द्वारा उ0 प्र0 पॉवर कॉरपोरेशन लि0 को देय सुपर वीजन चार्जेज के विरूद्ध समायोजित किया जाये।

18/1/06

मद सं0 32

विषय :– गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का वित्तीय वर्ष 2002–03 (कर निर्धारण वर्ष 2003–04) के कर निर्धारण के सम्बन्ध में ।

---

समस्त विकास प्राधिकरण, आयकर की धारा 10(20ए) के अन्तर्गत आयकर से मुक्त थे । बाद में फाईनेन्स एक्ट–2002 के द्वारा 1–4–03 से उपर्युक्त धारा 10(20ए) को समाप्त कर दिया गया । इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिनॉक 11–7–02 को माननीय वित्त मन्त्री, भारत सरकार, नई दिल्ली को आयकर से छूट प्रदान करने हेतू प्रस्ताव भेजा गया था जिस पर माननीय वित्त मन्त्री, भारत सरकार द्वारा उ0प्र0 शासन को निर्देश दिये गये कि यदि विकास प्राधिकरण आम जनता के उपयोग के उद्देश्य से विकास हेतू कार्य कर रहे हैं तो आयकर अधिनियम की धारा 11 के अन्तर्गत निर्धारित शर्ते पूरी करने के उपरान्त आयकर छूट हेतू दावा कर सकते हैं । उक्त के क्रम में प्राधिकरण द्वारा आयकर से मुक्ति हेतू प्रतिवेदन किया हुआ है तो वर्तमान में ट्रिब्यूनल में विचाराधीन है ।

आयकर विभाग गाजियाबाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2002–03 (कर निर्धारण वर्ष 2003–04) हेतू लगभग 1038 करोड की आय मानते हुये रु0 464 करोड की मॉग प्राधिकरण के विरुद्ध निकाली गई है तथा रु0 81.50 करोड की एफ0डी0आर सीधे बैंक से एटैच कर दी गई है । आयकर विभाग ने वर्ष 2002–03 की सम्पत्तियों के अंतिम स्टाक तथा गत वर्षो में प्राधिकरण द्वारा विक्रय की गई सम्पत्ति को भी इसी वित्तीय वर्ष की आय का श्रोत मानकर मॉग निकाली गई है । इसी संबंध में आयकर विभाग द्वारा नॉमित आडिटर द्वारा भी संभवतः कार्य प्रभावी ढंग से नहीं किया गया है । अन्य भी काफी बिन्दु ऐसे हैं जो कि बिना पर्याप्त अवसर दिये हुये आयकर विभाग द्वारा अपने ढंग से कर निर्धारण किया गया है जो उचित नहीं था ।

वर्णित परिस्थितियों में तत्कालिक आवश्यक कार्यवाही हेतू तथा अटैच की गई उपरोक्त धनराशि अवमुक्त कराने हेतू आयकर के वरिष्ठ अधिवक्ता श्री ध्रुव अग्रवाल ,उनके सहयोगी तथा चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट मनोज सन्तोष एण्ड कं0 की सेवायें प्राप्त की गई । उनके द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में याचिका प्रस्तुत कर प्राधिकरण का पक्ष प्रस्तुत कर आयकर विभाग द्वारा निकाली गई उपरोक्त मॉग को स्टे करा दिया गया है तथा अटैच की ~~की~~ एफ0डी0आर0 को रिलीज करा दिया गया है । जब तक ट्रिब्यूनल में विचाराधीन प्रतिवेदन पर निर्णय नहीं हो जाता है तब तक आगामी वर्षो के आयकर विभाग द्वारा कर निर्धारण के सम्बन्ध में भी माननीय उच्च न्यायालय में स्टे हेतू उचित कार्यवाही की जानी अपेक्षित है । श्री ध्रुव अग्रवाल को पैरवी हेतू रु0 1.5. लाख प्रति सुनवाई तथा अन्य खर्च आदि देय हैं (विवरण पत्र संलग्न है)

उपरोक्तानुसार प्रस्ताव प्राधिकरण के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत है ।

20.12.16

DHRUV AGRAWAL
Advocate
Supreme Court of India

C 27, Hauz Khas (G. Floor)
New Delhi-110016
Tel: +91 11 26863356,
+91 11 26854560
Fax:+91 11 26521686
Mob: 9811777940

Flat No. C-308, Block-II
3rd Floor, Lotus Apartments
39-40 Tashkant Marg
Allahabad - 211001
Tel: +91 532 2260284
Mob: 9415316153

94

December 7, 2006

The Vice-Chairman,
Ghaziabad Development Authority,
Ghaziabad.

**RE**: Civil Writ (Tax) No.1739/2006 – Ghaziabad Development Authority Vs. CIT & Ors. in the Allahabad High Court.

(Attention: Shri D.P. Singh, Vice-Chairman)

Dear Sir,

